Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 350 | मंगलवार, 23 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## साइबर ठगों ने दिया मोटे मुनाफे का लालच, रिटायर्ड बैंकर ने गंवाए 1.35 करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में मोटे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने मुंबई की 63 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 1.35 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, महिला को 10 नवंबर से 19 दिसंबर के बीच ठगी का शिकार बनाया गया। वह यूट्यूब पर जैनम ब्रोकिंग लिमिटेड नाम की एक फर्म का विज्ञापन देखकर उनसे संपर्क में आई थीं, जिसके बाद उनका मोबाइल नंबर 121 कम्युनिटी हब जैनम नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप के एडमिन्स ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए दावा किया कि जैनम कंपनी ग्लोबल फाइनेंशियल एलीट शोडाउन (जीएफईएस) में भारत की प्रतिनिधि है और निवेश पर ऊंचा रिटर्न मिलेगा। इसके साथ ही अधिक वोट जुटाने पर हर सप्ताह पांच हजार से 10,000 रुपये देने का लालच भी दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला को एक लिंक भेजा गया।

## मुंबई में किराया वसूलने के लिए ऑटो ड्राइवर ने पहना बुर्का



**नई दिल्ली।** मुंबई में एक ऑटो चालक ने किराया न देने वाले यात्रियों से पैसे वसूलने के लिए बुर्का पहनकर भेष बदला, लेकिन स्थानीय लोगों ने सोमवार को उसे बच्चा चोर समझकर उसकी पिटाई कर दी।

पुलिस ने बताया कि दो दिन पहले तौसीफ मोहम्मद शेख ने पार्कसाइट इलाके में अपनी ऑटो रिक्शा में तीन यात्रियों को उतारा था। हालांकि, विवाद होने पर तीनों बिना किराया दिए भाग गए। तीनों को ढूंढने और किराया वसूलने के शेख ने भेष बदलकर बुर्का पहनने का फैसला किया। हालांकि, यह योजना तब विफल गई जब स्थानीय लोगों को उसकी चाल पर शक हुआ और अंततः उसकी जींस और जूतों ने उसकी असली पहचान उजागर कर दी। एक अधिकारी ने बताया कि पार्कसाइट इलाके में एक मस्जिद के पास भीड़ जमा हो गई और तौसीफ को बच्चा चोर समझकर पीट दिया।

### समझौते पर हुए हस्ताक्षर

## रक्षा और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करेंगे डीआरडीओ- आरआरयू

**नई दिल्ली।**

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सोमवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके तहत रक्षा व आंतरिक सुरक्षा से जुड़े अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। इस एमओयू पर 22 दिसंबर को साउथ ब्लाक, नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत, दोनों संगठन संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, पीएचडी और फैलोशिप कार्यक्रमों और सुरक्षा बलों के लिए विशेष प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग करेंगे। यह पहल भारत की रक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा तकनीकों में आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगी। गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। डीआरडीओ सशस्त्र बलों और सुरक्षा एजेंसियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और प्रणाली-स्तरीय विशेषज्ञता का योगदान देता है। इस बीच सेना ने साफ्टवेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) आधारित समाधानों के विकास में सहयोग करने के लिए प्रमुख तकनीकी संस्थान नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एनएसयूटी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। सेना ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर बताया कि इस समझौते से स्वदेशी नवाचार-आधारित रक्षा तैयारियों को मजबूत किया जा सकेगा।



## पीएम मोदी के विशेष दूत के बनकर आज श्रीलंका जाएंगे जयशंकर



**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में श्रीलंका पहुंचेंगे और वहां के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यह यात्रा भारत की पड़ोसी पहले की नीति को रेखांकित करती है और चक्रवात दितवाह से हुई तबाही के बाद शुरू किए गए ऑपरेशन सागर बंधु की पृष्ठभूमि में हो रही है। जयशंकर अपनी इस यात्रा के दौरान श्रीलंका के नेतृत्व के साथ हालात की समीक्षा करेंगे।

### भारत ने की श्रीलंका की मदद

मंत्रालय के अनुसार, चक्रवात से हुई तबाही के बाद अंतरराष्ट्रीय सहायता की अपील करने वाला श्रीलंका के लिए भारत पहला देश था, जिसने तुरंत मदद पहुंचाई। ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारत ने बड़े पैमाने पर राहत और पुनर्वास सहायता उपलब्ध कराई है।

## कड़ाके की ठंड से बच्चों को राहत: कक्षा 1 से 8 तक स्कूल 27 दिसंबर तक बंद

**समस्तीपुर।**



जिले में शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चों की सेहत को ध्यान में रखकर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने बच्चों के स्वास्थ्य की दृष्टिकोण से कक्षा एक से आठ तक की स्कूलों में पठन-पाठन बंद करने का निर्णय लिया है। 27 दिसंबर तक इन वर्ग के बच्चों की पढ़ाई नहीं होगी।

यह व्यवस्था जिले के सभी निजी और सरकारी स्कूलों में लागू होंगे। इसमें प्री स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को भी शामिल किया गया है। स्कूलों में सिर्फ शैक्षणिक कार्य बंद होंगे। सोमवार की संध्या जिलाधिकारी ने इसकी अधिसूचना जारी की है। वर्तमान में जिले में तापमान में गिरावट एवं अत्यधिक ठंड के कारण बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बच्चों के स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियां 23 से 27 दिसंबर तक प्रतिबंधित किया गया है। प्री बोर्ड की परीक्षा संचालित किए जाने वाली कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रखा गया है। जिलाधिकारी की ओर से जारी निर्देश के बाद जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालय को इस निर्देश का पालन करना आवश्यक होगा।

## दिल्ली में प्रदूषण का कहर: आई ड्रॉप, मास्क और नेबुलाइजर की बिक्री में भारी उछाल


**नई दिल्ली।**

सर्दियों की ठंड के साथ प्रदूषण का स्तर बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन, लालिमा और सांस लेने में परेशानी हो रही है। ऐसे में दिल्ली के अंदर मेडिकल स्टोर पर आई ड्रॉप, मास्क और नेबुलाइजर की बिक्री में तेजी आई है।

केमिस्टों का कहना है कि दिल्ली में हर साल बढ़ते प्रदूषण की वजह से आंखों की देखभाल और सांस से जुड़ी बीमारियों के प्रोडक्ट्स और दवाओं की डिमांड बढ़ जाती है। लुटियंस दिल्ली में केमिस्ट्स के सुरेश ने कहा, ₹जब भी प्रदूषण का लेवल बढ़ता है तो आई ड्रॉप्स, नेजल स्प्रे और मास्क की बिक्री में साफ तौर पर बढ़ोतरी होती है। वे आमतौर पर देखते हैं कि खांसी की सिरप सबसे ज्यादा बिकती हैं, लेकिन इस मौसम में आई ड्रॉप्स ज्दाया तेजी से बिक रही हैं। आरएमएल हॉस्पिटल के पास राम फामेर्सी में काम करने वाले केमिस्ट श्रवण ने बताया कि आजकल लोग आंखों में जलन और लालिमा की शिकायत लेकर ज्यादा आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹आई ड्रॉप्स, स्टीम इनहेलेशन इंस्ट्रूमेंट्स और नेजल स्प्रे सामान्य से कहीं ज्यादा बिक रहे हैं और इनकी डिमांड में काफी बढ़ोतरी हुई है। राजकमल केमिस्ट्स के अमित गुप्ता ने कहा कि ठंडे मौसम और प्रदूषण के कारण होने वाला सूखापन आई ड्रॉप की बिक्री में बढ़ोतरी का एक मुख्य कारण है। उन्होंने कहा, ₹आई ड्रॉप्स और नेजल स्प्रे की कीमतों में आसानी से 10 से 15 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। इस मौसम में तेज ठंड और प्रदूषण के कारण आंखें जल्दी सूख जाती हैं। दिल्ली ड्रग ट्रेडर्स एसोसिएशन का कहना है कि यह मौसमी ट्रेंड जाना-पहचाना है। यूनियन के जनरल सेक्रेटरी आशीष दवराज ने कहा, ₹हर साल, जैसे ही सर्दी आती है और प्रदूषण का लेवल बढ़ता है, हम आई ड्रॉप, मास्क और उनसे जुड़ी चीजों की बिक्री में मौसमी बढ़ोतरी देखते हैं।



## भारत की कार्रवाई से बौखलाया बांग्लादेश, भारतीयों के लिए बंद की वीजा सेवाएं




**नई दिल्ली।**

दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग और त्रिपुरा में अपने मिशन में वीजा सेवाएं अस्थायी तौर पर निलंबित कर दीं। इस मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि वीजा सेवाएं निलंबित करने का फैसला प्रदर्शनकारियों के समूहों द्वारा दोनों मिशनों के बाहर प्रदर्शन करने के बाद लिया गया है। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच नई दिल्ली और ढाका के बीच भी तनाव बढ़ गया है। सोमवार को बांग्लादेश ने नई दिल्ली में अपने उच्चायोग और त्रिपुरा में अपने मिशन में वीजा सेवाएं अस्थायी तौर पर निलंबित कर दीं। इस मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि वीजा सेवाएं निलंबित करने का फैसला प्रदर्शनकारियों के समूहों द्वारा दोनों मिशनों के बाहर प्रदर्शन करने के बाद लिया गया है।

यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब एक दिन पहले बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार ने कहा था कि ढाका भारत में अपनी मौजूदगी को कम करने पर विचार कर रहा है। वहीं चटगांव में भारत ने अपनी वीजा सेवाएं अस्थायी तौर पर बंद कर दी थीं।

### दिल्ली स्थित उच्चायोग के बाहर लगा नोटिस

वीजा सेवा को बंद करने की जानकारी देने के लिए दिल्ली स्थिति बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर एक नोटिस लगाया गया है। नोटिस में लिखा है, अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग से सभी कांसुलर और वीजा सेवाएं अगले आदेश तक अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं।

## 'इसे मंजूरी न दें', हिंदू संगठन ने 'हेट स्पीच' विधेयक पर कर्नाटक के राज्यपाल से की ये मांग



**नई दिल्ली।**

हिंदू जनजागृति समिति ने कर्नाटक में नफरत भरे भाषण और अपराधों पर रोक से जुड़े विधेयक को असंवैधानिक बताते हुए राज्यपाल थावरचंद गहलोत से इसे मंजूरी न देने की अपील की है। संगठन ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए गंभीर खतरा करार दिया है। संगठन और अन्य हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक ज्ञापन में कर्नाटक घृणास्पद भाषण और घृणा अपराध (रोकथाम) विधेयक, 2025 का विरोध करते हुए कहा कि इसके प्रावधानों का दुरुपयोग कर असहमति की आवाज को दबाया जा सकता है। समिति ने दावा किया कि यह विधेयक अस्पष्ट, अत्यधिक व्यापक और असंवैधानिक है तथा संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। रविवार को जारी बयान में संगठन ने 'घृणास्पद भाषण', 'हेट क्राइम' और 'पक्षपात-प्रेरित हित' जैसी परिभाषाओं को अत्यधिक अस्पष्ट और व्यापक बताते हुए कहा कि इनके जरिए बिना मंशा या आसन्न हिंसा के भी किसी वक्तव्य को अपराध की श्रेणी में लाया जा सकता है।

## किसानों को फसल सहायता राशि का इंतजार: पिछले वर्ष का पैसा नहीं मिला, नए सत्र के आवेदन शुरू

**शाहपुर (आरा)।**

एक मिला नही और दूसरा शुरू हो गया। यह हाल है किसानों के प्रति सहकारिता विभाग का! पिछले वर्ष की राशि के लिए बेचारे किसान टकटकी लगाए हुए हैं लेकिन सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के खातों में अब तक राशि नही भेजी गई है। बावजूद इसके विभाग द्वारा इस वर्ष के लिए फसल सहायता योजना के आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। सहकारिता विभाग द्वारा किसानों की फसलो की क्षतिपूर्ति के लिए फसल सहायता योजना के तहत आवेदनों का सत्यापन कराने के बाद भी किसानों को पैसा नहीं भेजा जा रहा है। सहजौली गांव के किसान रविंद्र चौधरी कहते हैं कि प्रखंड के कुल बीस पंचायत व नगर पंचायत के किसानों द्वारा 9430 किसानों द्वारा फसल सहायता राशि के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था। तीन जनवरी तक डीएलसीसी के माध्यम से 8609 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है, जबकि 728 आवेदन कई कारणों से लंबित है। सत्यापन के बाद सहकारिता विभाग किसी तरह की करवाई नही की गई।



## संपादक की कलम से

# क्या भारत हिंदू राष्ट्र है?


**ललित शर्मा**
संपादक

सरसंघचालक मोहन भागवत ने फिर दोहराया है कि भारत हिंदू राष्ट्र है। विश्व में हिंदुओं का एक ही देश है–भारत। हिंदुओं को एकजुट हो जाना चाहिए, नतीजतन बदलाव तय हैं। ये बदलाव बांग्लादेश, पाकिस्तान और दुनिया के किसी भी कोने में देखे और महसूस किए जा सकेंगे। संघ प्रमुख सभी समुदायों को बुनियादी तौर पर हिंदू करार देते रहे हैं, उनका डीएनए भी एक ही मानते रहे हैं, बेशक पूजा–पद्धतियां और कुछ रीति–रिवाज भिन्न हैं। सरसंघचालक ने आरएसएस की सोच और विचारधारा को भी हिंदू राष्ट्रवाद कहा है। संघ हिंदुओं के हित, कल्याण, सामर्थ्य, विकास और संरक्षण के लिए ही काम करता रहा है। हालांकि भागवत का बयान और यथार्थ तकनीकी और संवैधानिक आधार पर सही नहीं माना जा सकता। भारत के संविधान की प्रस्तावना में ही पंथनिरपेक्ष देश घोषित किया गया है, लेकिन सरसंघचालक भागवत हिंदू राष्ट्र के लिए संविधान संशोधन को भी अनिवार्य नहीं मानते। तो संविधान के मुताबिक, भारत को हिंदू राष्ट्र कैसे माना जा सकता है? यदि संवैधानिक स्थिति नहीं है, तो वह कानूनन अवैध है। बहरहाल भारत की आबादी 147 करोड़ को पार कर चुकी है। हिंदू 78.9–79.4 फीसदी आबादी (करीब 115 करोड़) के साथ आज भी भारत का सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है। यह भी हकीकत है कि हिंदुओं की आबादी लगातार घटी है और मुस्लिम आबादी बढ़ते हुए 15.2 फीसदी से ज्यादा हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आकलन है कि देश में मुस्लिम आबादी 24.6 फीसदी बढ़ी है, जबकि हिंदू समुदाय की जनसंख्या में 4.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। गृहमंत्री आबादी के इस बदलते समीकरण को प्रजनन–दर की बढ़ोतरी या कमी के संदर्भ में नहीं आंकते, बल्कि घुसपैठ को मुस्लिम आबादी में बढ़ोतरी का बुनियादी कारक मानते हैं। यदि ऐसा है, तो सरकार बीते साढ़े 11 साल से घुसपैठियों को चिह्नित करने और देश से बाहर खदेड ? में अक्षम, असमर्थ क्यों है? यदि कुछ और ही कारण हैं, तो वे देश के सामने रखे जाने चाहिए। लोकतंत्र में तो यही अपेक्षित होता है। सरसंघचालक भागवत मुसलमानों को भी पीढ़ी–दर–पीढ़ी हिंदू अथवा सनातनी करार देते रहे हैं। उनका मानना है कि विशेष परिस्थितियों में उनके पूर्वजों को धर्मांतरण कर मुसलमान बनना पड़ा। इस मुद्दे पर एक तार्किक और साक्ष्यनुमा बहस की दरकार है। अकेले सरसंघचालक ने बयान दे दिया और देश उसे स्वीकार कर लेगा, यह संभव नहीं है, क्योंकि भागवत कोई संवैधानिक पुरुष नहीं हैं। बेशक भारत में हिंदू एक महत्वपूर्ण और एकतरफा बहुसंख्यक समुदाय है, जिनके आधार पर भावनात्मक और प्रतीकात्मक रूप से भारत को हिंदू राष्ट्र माना जा सकता है। दरअसल यह हिंदू सोच, संस्कृति, धर्मनिरपेक्षता और समभाव की चेतना की ही खूबसूरती है कि भारत में आज भी 5.5 लाख से अधिक मस्जिदें हैं। ईसाई धर्म के चर्च की अनुमानित संख्या 28,278 है। इनके अलावा बड़े चैपल और चर्च भी हैं। मसलन–सेंट पॉल कैथेड्रल (कोलकाता), क्राइस्ट चर्च (शिमला), सेंट थॉमस कैथेड्रल (मुंबई) आदि। केरल और तमिलनाडु में भी बड़े चर्च और चैपल हैं, जहां ईसाइयों की आबादी अच्छी–खासी है। भारत में केरल को ईसाई धर्म का उद्गम स्थल माना जाता रहा है। इसी तरह भारत में सिखों के गुरुद्वारों की संख्या भी 2024 तक 7657 बताई जाती है। कमोबेश उन्हें हिंदू करार नहीं दिया जा सकता, बेशक मुगलकाल में सोच सनातनी रही होगी। तब राष्ट्र के लिए संघर्ष करने और बलिदान देने का जज्बा चरम पर था। बहरहाल सरसंघचालक ने जो भी हिंदूवादी बयान दिया है, वह उनकी सामाजिक–सांस्कृतिक सोच के अनुकूल होगा।

**मोनिका डागा**

## कुछ ऐसे पुरुष

**कविता**



हॉ मायावी कलयुग में आज भी कुछ ऐसे पुरुष जीवित है,
जो ज़िम्मेदारियों का दामन एकधार जीवन पर्यन्त ढोतें हैं,
वे बिना किसी शिकायत हर रिश्ते को नसीब की इनायत मान लेते,
और अपनी इस चुप्पी को जीवन का अहम हिस्सा बना लेते ।

वे राम कृष्ण या बुद्ध के जैसे कोई युगपुरुष अवतारी नहीं,
पर उन्होंने हर कठिनाई ऑसुओं को अन्त :करण में दबा सही,
वे मॉ पत्नी बहन बच्चों समाज घर बाहर में पीसते चले जाते,
और सब को मनाते–मनाते दिल में दर्द का सैलाब गढ़ते जाते ।

एक पत्नी व्रत धारी नहीं करते है वे पैतृक संस्कारों से हेरा फेरी,
और अपने सपनों की तिलांजलि देने में नहीं करते जरा भी देरी,
बना दिया जाता है उनको शुरू से ही कठोर और सुखा तना,
और डाल दिया जाता है धीरे से उनके कंधों पर बोझ घना ।

सिखाया जाता हमेशा खुद से पहले परिवार से करना है तुम्हें प्यार,
नहीं कर सकते तुम किसी की अपेक्षाओं और उम्मीदों से इंकार,
उत्सव मनाता है समाज उनके जन्म पर बस पहला व आखिरी,
और थोप देता है भूत–भविष्य की सारी अगली पिछली जिम्मेवारी ।

उनकी सादगी को कमजोरी समझ दी जाती है कई शाब्दिक यात्नाएं,
और धीरे–धीरे हृदय के एक कोने में मृत होती जाती उनकी संवेदनाएं,
पर नहीं लिखी जाती है उन पर कभी कोई कविता या कोई गजल,
और नहीं होती है उनके बहुमूल्य त्याग पर किसी की ऑखें सजल ।

पर सच तो ये है ऐसे ही कई पुरूषों ने भी संभाला है परिवार,
वे आगे बढ़ते जाते और सह लेते है जीवन में मिली हर फटकार,
अपने अधूरेपन को सांझा करने के लिए ढूँढते है वो भी एक किनारा,
शायद कभी कोई मिले जिसको बता सके मैने अकेले क्या–क्या हारा ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस - 24 दिसम्बर, 2025

# सशक्त उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव




राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस केवल एक उपभोक्ताओ से जुड़ी तिथि मात्र नहीं है, बल्कि यह उस मौलिक सत्य की स्मृति है कि किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संतुलन और नैतिक स्वास्थ्य का केंद्र बिंदु उपभोक्ता ही होता है। उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने परिश्रम की कमाई को भरोसे, आवश्यकता और आशा के साथ बाजार में खर्च करता है। किंतु आज यही उपभोक्ता सबसे अधिक ठगा जा रहा है, भ्रमित किया जा रहा है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। ठगी, बेईमानी, मिलावट और गुणवत्ता-विहीन उत्पादों ने उपभोक्ता अधिकारों की नींव को हिला दिया है। यह स्थिति केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं रही, बल्कि उपभोक्ताओं के मानसिक, शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी जीवन पर गहरे और स्थायी आघात पहुँचा रही है। इसलिये उपभोक्ता दिवस मनाते हुए बाजार को आदर्श एवं स्वस्थ कलेवर देने के साथ उपभोक्ता हितों का संरक्षण जरूरी है।

आज का बाजार पहले की तुलना में अधिक जटिल, तेज और आक्रामक हो चुका है। उपभोक्ता के सामने विकल्पों की भरमार है, किंतु जानकारी और पारदर्शिता का अभाव है। चमकदार विज्ञापन, आकर्षक पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ता को निर्णय के उस बिंदु तक ले जाते हैं, जहाँ वह अक्सर वास्तविक गुणवत्ता और सुरक्षा को पहचान ही नहीं पाता। परिणामस्वरूप वह ऐसी वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करने को विवश होता है जो उसके स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिरता को नुकसान पहुँचाती हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ, नकली दवाइयाँ, घटिया निर्माण सामग्री और डिजिटल ठगी के नए-नए रूप यह प्रमाणित करते हैं कि उपभोक्ता अधिकारों का हनन अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बनता जा रहा है।

यह विडंबना ही है कि जिस दौर में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसी दौर में भारतीय उपभोक्ता गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। आर्थिक प्रगति का वास्तविक अर्थ केवल सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि नहीं होता, बल्कि यह भी होता है कि उस विकास का लाभ आम नागरिक तक कितनी ईमानदारी और सुरक्षा के साथ पहुँच रहा है। यदि उपभोक्ता को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पाद उपलब्ध नहीं हो पा रहे, तो यह विकास अधूरा और खोखला है। उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन केवल जेब पर चोट नहीं करता, वह राष्ट्र के आत्मविश्वास और नैतिक शक्ति को भी कमजोर करता है।


**ललित गर्ग**

उपभोक्ता जब बार-बार ठगा जाता है, तो उसके मन में बाजार और व्यवस्था दोनों के प्रति अविश्वास जन्म लेता है। यह अविश्वास धीरे-धीरे मानसिक तनाव, चिंता और असुरक्षा की भावना में बदल जाता है। मिलावटी भोजन और नकली दवाइयों से उत्पन्न बीमारियाँ केवल शारीरिक कष्ट नहीं देतीं, बल्कि परिवार और समाज पर दीर्घकालिक आर्थिक बोझ भी डालती हैं। इस प्रकार उपभोक्ता अधिकारों का हनन एक व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, वह सामाजिक और राष्ट्रीय समस्या का रूप ले लेता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उपभोक्ता शोषण राष्ट्र की सामूहिक चेतना पर आघात है। सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण कानून, मानक निर्धारण संस्थाएँ और शिकायत निवारण तंत्र अपने आप में महत्वपूर्ण हैं, किंतु उनकी प्रभावशीलता तब ही सिद्ध होगी जब वे कागजों से निकलकर जमीन पर दिखाई दें। आज आवश्यकता है अधिक सशक्त शासन की, अधिक सक्रिय निगरानी की और अधिक संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टि की। उपभोक्ता संरक्षण केवल एक विभाग या मंत्रालय की जिम्मेदारी नहीं हो सकती, यह समग्र शासन व्यवस्था की प्राथमिकता होनी चाहिए। जब तक मिलावट, धोखाधड़ी और भ्रामक व्यापारिक प्रथाओं पर त्वरित और कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उपभोक्ता अधिकारों की बात केवल औपचारिक भाषणों तक सीमित रह जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यदि हम उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की ओर देखें, तो स्पष्ट होता है कि वहाँ उपभोक्ता अधिकारों को केवल कानून के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति के रूप में स्वीकार किया गया है। उत्पाद की गुणवत्ता, सुरक्षा मानक, पारदर्शी जानकारी और त्वरित न्याय वहाँ बाजार की अनिवार्य शर्तें हैं। भारत को भी इसी दिशा में आगे बढ़ना होगा। वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए केवल सस्ता उत्पादन पर्याप्त नहीं है, बल्कि उच्च गुणवत्ता और उपभोक्ता संतुष्टि अनिवार्य है। भारतीय उपभोक्ता को यह महसूस होना चाहिए कि वह किसी भी अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता से कम सुरक्षित या कम सम्मानित नहीं है। इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वास की बात करती है, जो अपने आप में अत्यंत विचारोत्तेजक है। सुरक्षा केवल उत्पाद की नहीं, बल्कि उपभोक्ता के जीवन और स्वास्थ्य की सुरक्षा है। गुणवत्ता केवल वस्तु की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की गुणवत्ता है जो उपभोक्ता को न्याय और सम्मान देती है। विश्वास केवल बाजार पर नहीं, बल्कि शासन और कानून पर विश्वास है। यदि ये तीनों तत्व सशक्त नहीं होंगे, तो उपभोक्ता दिवस का संदेश अधूरा रह जाएगा। उपभोक्ताओं के हितों की वकालत करता हुआ यह दिवस उपभोक्ताओं के अधिकारों, दायित्वों और संरक्षण की चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण अवसर है। यह दिन याद दिलाता है कि उपभोक्ता केवल खरीददार नहीं, बल्कि बाजार व्यवस्था की आत्मा हैं, बाजार की शक्ति एवं गति है।। बदलते आर्थिक परिवेश में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करना और भी आवश्यक हो गया है। उपभोक्ता संरक्षण कानूनों ने एक मजबूत आधार दिया है, किंतु उनके प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और जन-जागरूकता के बिना उपभोक्ता सशक्तिकरण अधूरा रह जाता है। इसलिए राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को औपचारिकता नहीं, बल्कि सतत जनआंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए।

# मेनोपॉज सिर्फ हार्मोनल नहीं, दिमाग और न्यूरोलॉजी पर डालता है गहरा असर



पीरियड्स खत्म होने के बाद दिमाग के कई हिस्सों में ब्लड सकुर्लेशन कम हो जाता है। साथ ही ब्रेन वॉल्यूम में संकुचन देखा गया है। यही वजह है कि मेनोपॉज में प्रवेश करने वाली कई महिलाएं ब्रेन फॉग, एकाग्रता में कमी और भूलने की आदत जैसे लक्षणों को महसूस करती हैं। अब तक दुनियाभर में मेनोपॉज को सिर्फ प्रजनन क्षमता से जुड़े स्वाभाविक जैविक चरण के रूप में देखा जाता है। लेकिन हाल ही में हुए वैज्ञानिक शोध इस ओर संकेत देता है कि यह बदलाव सिर्फ हार्मोनल इतार-चढ़ाव तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बदलाव न्यूरोलॉजी, दिमाग की संरचना और संज्ञानात्मक क्षमता पर भी गहरा असर डालता है। बता दें कि मेनोपॉज के दौरान महिलाओं के दिमाग में होने वाले बदलाव निर्णय क्षमता, स्मरणशक्ति, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्पष्टता को सीधे तौर पर प्रभावित करते हैं।

हालांकि दुनियाभर की करोड़ों महिलाएं इस समस्या का सामना कर रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ और तंत्रिका विज्ञान के एक्सपर्ट के बीच इस विषय पर बढ़ते इंट्रेस्ट को देखते हुए मेनोपॉज के दौरान दिमाग की कार्यप्रणाली और ढांचे में आने वाले बदलावों का गहन अध्ययन किया गया है।

कई निष्कर्षों से यह पता चलता है कि पीरियड्स खत्म होने के बाद दिमाग के कई हिस्सों में ब्लड सकुर्लेशन कम हो जाता है। साथ ही ब्रेन वॉल्यूम में संकुचन देखा गया है। यही वजह है कि मेनोपॉज में प्रवेश करने वाली कई महिलाएं ब्रेन फॉग, एकाग्रता में कमी और भूलने की आदत जैसे लक्षणों को महसूस करती हैं। यहां तक कि महिलाओं का सेल्फ कॉन्फिडेंस भी पूरी तरह से डोल जाता है और वह खुद को कमजोर समझने लगती हैं।

**जागरूक महिलाएं कर लेती हैं परिवर्तन**

यह शोध इस ओर भी संकेत देता है कि दिमाग धीरे-धीरे इस बदलाव को अपनाने की क्षमता को विकसित कर लेता है। वहीं जागरुक महिलाएं कुछ सालों में संज्ञानात्मक स्थिरता फिर से पा लेती है। 54 फीसदी महिलाओं में यह पाया गया है कि मेनोपॉज की शुरूआत के साथ ही दिमाग पर कई अहम प्रभाव सामने आए हैं। जैसे- स्मृति और तर्क क्षमता संभालने वाले हिस्सों में 1-2% संकुचन, मस्तिष्क में ऊर्जा उत्पादन 10-15% तक कम होना, दिमाग में ब्लड प्रवाह 12-14% तक घटा, 54% महिलाओं में मूड स्विंग और भावनात्मक अस्थिरता और 62% महिलाओं ने ब्रेन फाग और भूलने की समस्या की शिकायत की।

**दिमागी सेहत के लिए अहम मोड़**

एक रिपोर्ट के मुताबिक मेनोपॉज सिर्फ महिला जीवन के लिए एक जैविक अध्याय नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ के लिए भी निर्णायक मोड़ है। आने वाले सालों में यह शोध न सिर्फ ट्रीटमेंट सिस्टम और मेंटल हेल्थ पॉलिसी को दिशा देगा। बल्कि समाज में महिलाओं की हेल्थ को लेकर दृष्टिकोण बदलने में भी मददगार होगा। वैज्ञानिक समझ, जागरुकता और समय पर मेडिकल देखभाल के साथ मेनोपॉज जीवन की एक स्थिर और स्वस्थ अवस्था की ओर मार्ग प्रशस्त कर सकता है। इस दौरान महिलाओं को मानसिक रूप से होने वाली बहुत सारी समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है।

# पतली ग्रेवी को मिनटों में गाढ़ा कैसे करें, जानिए आसान हैक्स



अगर ग्रेवी पतली हो गई है तो इसे धीरे-धीरे पकने दें। यह सबसे नेचुरल तरीका है। कुछ भी डालने से पहले, थोड़ा धीमा करें। अक्सर ग्रेवी पतली इसलिए दिखती है क्योंकि वह ठीक से पकी नहीं होती। इसके लिए आप पैन को खुला रखें और धीमी से मध्यम आंच पर पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें।

जब भी हम घर में खाना बनाते हैं तो यही उम्मीद करते हैं कि हर कोई उसकी तारीफ करता रह जाए। लेकिन अगर आपने सब्जी बनाई और जैसे ही आप ढक्कन खोलते हैं, तो देखते हैं कि ग्रेवी बहुत पतली हो गई है। ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। ऐसा हम सभी के साथ कभी ना कभी हुआ ही है। कभी-कभी हम गलती से थोड़ा ज्यादा पानी डाल देते हैं या फिर कभी-कभी मसाला ठीक से नहीं पकता है। ऐसे में जरूरत होती है कि आप कुछ आसान किचन हैक्स आजमाएं और अपनी पतली ग्रेवी को इंस्टेंट गाढ़ा और टेस्टी बनाएं। बस आपको सही ट्रिक्स आजमाने की जरूरत होती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको पतली ग्रेवी को बेहद ही आसान तरीके से गाढ़ा करने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**इसे धीरे-धीरे पकने दें**

अगर ग्रेवी पतली हो गई है तो इसे धीरे-धीरे पकने दें। यह सबसे नेचुरल तरीका है। कुछ भी डालने से पहले, थोड़ा धीमा करें। अक्सर ग्रेवी पतली इसलिए दिखती है क्योंकि वह ठीक से पकी नहीं होती। इसके लिए आप पैन को खुला रखें और धीमी से मध्यम आंच पर पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें। इससे पानी भाप बनकर उड़ जाएगा और ग्रेवी का स्वाद बदले बिना अपने आप गाढ़ी हो जाएगी।

**कॉर्नफ्लोर या अरारोट का करें इस्तेमाल**

चाइनीज स्टाइल ग्रेवी, मंचूरियन, चिली डिश के लिए यह सबसे अच्छा ऑप्शन है। इसके लिए आप एक चम्मच कॉर्नफ्लोर में दो बड़े चम्मच पानी मिलाएं। इसे हिलाते हुए धीरे-धीरे डालें। करीबन 1-2 मिनट तक पकाएं। ध्यान दें कि इसे ज्यादा इस्तेमाल न करें वरना ग्रेवी चिपचिपी हो जाएगी।

**प्याज-टमाटर का पेस्ट डालें**

इंडियन करी के लिए प्याज-टमाटर का पेस्ट एकदम सही है। इसके लिए आप एक्स्ट्रा प्याज-टमाटर पेस्ट को तेल में भूनें। तेल अलग होने तक पकाएं और फिर ग्रेवी में मिलाएं। इससे ना केवल गाढ़ापन आता है, बल्कि स्वाद भी बढ़ता है।

**काजू, बादाम या मूंगफली का पेस्ट इस्तेमाल करें**

अगर आप घर पर पनीर, कोरमा, शाही डिश बना रही हैं तो उसकी रिच ग्रेवी के लिए यह एक बढ़िया ऑप्शन है। इसके लिए आप मेवे भिगोएं और चिकना पेस्ट बना लें। ग्रेवी में 1-2 बड़े चम्मच डालें और अच्छी तरह धीमी आंच पर पकाएं। यह ग्रेवी को गाढ़ा, क्रीमी और रेस्टोरेंट जैसा बनाता है।

# प्रेमा नंद महाराज को भारत रत्न देने की मांग की, संतों ने किया समर्थन, दिनेश फलाहारी ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** संपूर्ण विश्व को सदमार्ग पर ले जाने का संदेश देने वाले प्रेमानंद महाराज के समर्थक बढ़ते ही जा रहे हैं । श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता व श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश फलाहारी महाराज ने प्रधानमंत्री मोदी जी को पत्र लिख कर विरक्त संत प्रेमानंद महाराज जी को भारत रत्न देने की मांग की । फलाहारी महाराज ने पत्र के माध्यम से कहा है

कि संपूर्ण विश्व के सनातनियों को सद मार्ग पर ले जाने वाले ऐसे महान संत इस भारत की भूमि पर वर्षों वर्ष बाद जन्म लेते हैं, जो जनमानस को अपने सद् विचारों से लोगों का कल्याण करते हैं तथा इस भारत भूमि को पुनः गौरव दिलाते हैं, फलाहारी महाराज ने कहा कि

ऐसे संत को भारत रत्न दिया जाना चाहिए । संत प्रेमानंद जी ने अपने दिव्य प्रवचनों से मादक पदार्थों का सेवन करने वाले जैसे अंडा, मांस मदिरा, जुआ, आदि कुसंगति का त्याग करा कर राधा नाम जप श्रवण कराते हुए करोड़ों लोगों को सद् मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है, ऐसे सनातनी संत का सम्मान होना ही चाहिए । आज विश्व का प्रत्येक सनातनी प्रेमानंद महाराज को पवित्र ईश्वर का अंश मानकर उन्हें अपना आदर्श मानता है, क्योंकि उन्होंने अपने लिए कुछ नहीं किया है, उन्होंने देश धर्म और सनातन हिंदुओं के लिए एक ऐसा मार्ग दिखाया है जिस पर चलकर लोग अपने जीवन को सार्थक बना रहे हैं ।

बहुत दिनों बाद किसी संत महापुरुष ने अपने प्रवचनों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव किया है, जिनकी संख्या करोड़ों में है । इसको देखते हुए उनको भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया जाना चाहिए, बृज भूमि के प्रमुख संत महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज, आचार्य लक्ष्मीनारायण दास जी, कुंज बिहारी पीठाधीश्वर इंदुलेखा जी, मधुसूदन दास जी महाराज, अनमोल दास जी महाराज आदि ने प्रेमानंद महाराज जी को भारत रत्न देने वाली मांग का समर्थन किया है ।

# फर्जी आधार कार्ड से बैनामा कराने वाला गिरफ्तार

**मथुरा/गोवर्धन।** ग्राम बरौली चौथ थाना कोतवाली डीग जिला डीग राजस्थान निवासी राम पुत्र शिवराम को थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा जलसाजी के मामले में गिरफ्तार किया है, गौरतलब है कि उपरोक्त व्यक्ति द्वारा ग्राम पलसो निवासी लक्ष्मण प्रसाद तिवारी पुत्र मोहन श्याम थाना गोवर्धन मथुरा के 1000 वर्गगज प्लॉट को लक्ष्मण प्रसाद तिवारी का फर्जी आधार कार्ड तैयार कर अपने सहअभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 12.9.2025 को रजिस्टरी कार्यालय मथुरा में बैनामा करा लिया। उक्त बैनामा में विक्रय करने वाला, श्री राम बना खरीदने वाला एक अन्य सह अभियुक्त एवं दो गवाह ने अपना फर्जी आधार कार्ड बनाकर यह घटना की। इस संबंध में थाना गोवर्धन में पूर्व से मुकदमा अपराध संख्या 512/2025 पंजीकृत था, चौकी प्रभारी अडीग प्रदीप भदोरिया द्वारा, सही अभियुक्तों का पता लगाकर उनमें से एक गिरफ्तार ।

# सिद्धि विनायक महाविद्यालय में हुआ विधायक खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित माननीय विधायक खेल स्पर्धा का भव्य आयोजन श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम घोषित करते हुए अधिकारियों ने बताया कि सब जूनियर बालिका वर्ग 800 में कृष्णा चौधरी ने प्रथम स्थान शिवानी ने लांग जम्प में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं सब जूनियर बालक वर्ग कबड्डी में वोरपा टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । एथलेटिक्स स्पधाओं में सीनियर बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में कन्हैया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

विविध खेल विधाएं कार्यक्रम के दौरान सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर श्रेणियों में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, वेटलिफ्टिंग, जूडो और बैडमिंटन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद महोदया प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा जी, ज्ञानेन्द्र राणा जी जिला उपाध्यक्ष भाजपा, खंड विकास अधिकारी गोवर्धन गिरीश पंत, नायब तहसीलदार सीपी यादव, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन कसाना, श्रीमति स्वाति पांडे, दिलीप यादव, विश्वेंद्र सिंह, नरेश सिंह, अमित एवं श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय डायरेक्टर नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा, प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, उपनिदेशक विपुल शर्मा, सतीश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट, खेलकूद प्रभारी दिलीप यादव, टीकम सिंह रजावत, विष्णुकांत शर्मा, जयप्रकाश सिंह कुंतल, दिनेश कौशिक, बालकृष्ण सैनी आदि उपस्थित रहे।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- जिलाधिकारी



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के प्रभावी अनुश्रवण हेतु गठित समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह

तथा जिला अल्पसंख्यक अधिकारी नीलमा सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन कॉलेजों एवं विद्यालयों के प्रबंधकों द्वारा अभी तक लॉगिन लॉक नहीं किया गया है, उनकी तत्काल जांच कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कॉलेज अथवा विद्यालय की लापरवाही के कारण कोई भी छात्र अथवा छात्रा परेशान नहीं होनी चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने विवाह / शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस योजना में तेजी लाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर अधिक से अधिक जोड़ों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि उनके-अपने विभागों द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र लाभार्थी किसी भी योजना से वंचित न रहे।

# कान्हा की नगरी मथुरा सहित पूरा ब्रज क्षेत्र बना पर्यटकों की पहली पसंद

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** योगी सरकार की प्रभावी पर्यटन नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास का परिणाम अब धरातल पर दिखने लगा है। कान्हा की नगरी मथुरा- वृंदावन सहित पूरा ब्रज क्षेत्र आज पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है। सरकार द्वारा आध्यात्मिक विरासत को सहेजने और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से ब्रज का खोया हुआ गौरव वापस लौट रहा है। ब्रज क्षेत्र को विश्वस्तरीय सुविधाओं से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दिया है। बेहतर सड़कें, हाईवे और यमुना एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ रेल मार्ग के सुदृढ़ीकरण से श्रद्धालुओं का आवागमन अत्यंत सुलभ हुआ है। अब दिल्ली, आगरा और लखनऊ जैसे शहरों से मथुरा पहुँचना पहले से कहीं अधिक आसान और सुखद हो गया है। योगी सरकार द्वारा ब्रज के विकास पर केंद्रित नीतियों का सीधा असर आंकड़ों में साफ नजर आता है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, ब्रज क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2023 में मथुरा पहुँचने वाले कुल पर्यटकों की संख्या लगभग 7,79,272,99 थी। वर्ष 2024 में यह संख्या बढ़कर 9,00,817,88 से अधिक हो गई है। वहीं वर्ष 2025 (जनवरी-2025 से सितंबर- 2025 तक) में पर्यटकों की संख्या 7,20,000,00 से अधिक दर्ज की गई। यह आंकड़े दशार्ते है कि सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और सुरक्षा के प्रति पर्यटकों का विश्वास बढ़ा है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य ब्रज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। ब्रज क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार, उत्सवों का भव्य आयोजन और आध्यात्मिक विरासत का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही है और रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। आने वाले समय में ब्रज दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनेगा प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने जानकारी दी कि पर्यटकों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, गाइड सेवाओं तथा डिजिटल सूचना केंद्रों की संख्या में वृद्धि की गई है। साथ ही ब्रज क्षेत्र के पर्यटन विकास को अयोध्या-प्रयागराज-काशी की तर्ज पर विस्तारित करने की योजना तैयार की गई है। ब्रज क्षेत्र में एक्सपीरियंसल टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही स्थानीय कारीगरों एवं पारंपरिक शिल्पकारों को जोड़ते हुए एग्री-रूरल टूरिज्म की संभावनाओं को मजबूत करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि जो पर्यटक वर्तमान में एक दिन के लिए मथुरा-वृंदावन आते हैं, उनके ठहराव की अवधि को एक हफ्ते तक बढ़ाया जा सके और उन्हें ब्रज क्षेत्र की संस्कृति, ग्रामीण जीवन और स्थानीय अनुभवों से जोड़ा जा सके।

# राजकीय हाईस्कूल में कैरियर गाइडेंस के तहत लगा, कैरियर मेला



संदीप तिवारी वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद** कछवारोड़। सेवापुरी ब्लॉक के करधना गांव स्थित राजकीय हाईस्कूल में सोमवार को छात्र-छात्राओं के भविष्य के उन्नयन हेतु चलाए जा रहे कैरियर गाइडेंस फॉर स्टूडेंट पंख पोर्टल के माध्यम से कैरियर मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महानुभावों ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्रोत्साहित एवं मार्ग दर्शन किया।मुख्य अतिथि पंख पोर्टल की जनपदीय नोडल एवं पी.एम.श्री राजकीय बालिका की प्रधानाचार्य निशा यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को कैरियर गाइडेंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।छात्र-छात्राओं को बोली कि पूर्व ज्ञान का परीक्षण करते हुए कैरियर में सफलता प्राप्त करिये।विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह ने कहां की अपने अभिरुचि, अभिक्षमता, अनुशासन एवं धैर्य के साथ कठिन परिश्रम करिये सफलता अवश्य मिलेगा।इस दौरान सेवापुरी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, आई.टी.आई चौकाघाट वाराणसी से अवध नारायण, प्रधान प्रतिनिधि जावेद अंसारी, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, शिक्षिका अंचला परमार, डॉ. मधुपर्णा मुखर्जी, शिव प्रताप तिवारी, संतोष कुमार, आदेश कुमार पूजा वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ सेवा बदहाल होने से कांग्रेसी नाराज

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जिले की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर कांग्रेस ने नाराजगी जताते हुए अपना विरोध करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस कार्यकताओं ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। चिकित्सकों की कमी, जन औषधि केंद्र के लगातार बंद रहने, एंबुलेंस सेवा बदहाल रहने तथा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का डाइट चार्ट सार्वजनिक नहीं करने पर आपत्ति जताई है।साथ ही मरीजों को अपनी जांच हेतु बाहरी जांच सेंटरों में महंगे दामों में जांच कराने, सभी मरीजों को अस्पताल में आधुनिक जांच के दावे के बाद मरीजों को रेडियोलॉजी जांच और अन्य जांचों हेतु महंगे दामों में जांचे कराने को मजबूर होना पड़ता है। जिससे मरीजों पर आर्थिक और मानसिक रूप से इसका प्रभाव पड़ता है।उन्होंने जल्द मरीजों को उचित स्वास्थ व्यवस्थाएं प्रदान करने, शासन तथा प्रशासन से बदहाल सेवा में सुधार की मांग की है। जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को पहले एसडीएम प्रियंका रानी से मिले।जहां उन्होंने पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा के साथ एसडीएम के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज कराई।जिसके बाद एसडीएम द्वारा सीएमओ डॉ कुमार आदित्य तिवारी के साथ मौके पर समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा कराई।जिसके बाद कांग्रेसी नेता ब्लॉक सभागार में चल रहे जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में पहुंचे।

यहां उन्होंने जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मुलाकात की। उन्हें जिले की स्वास्थ्य समस्याओं सहित अन्य समस्याओं से सम्बंधित जानकारी दी।जहां कांग्रेसी नेताओं ने जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती करने, सीएमओ कार्यालय में अटैच डॉक्टरों को मूल तैनाती स्थान पर भेजने, जिला अस्पताल में पर्ची काउंटरों की संख्या बढ़ाने, जन औषधि केंद्र में दवा उपलब्ध कराने, जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक करने, मरीजों को विशेष तकनीकी जांच हेतु मरीजों की जांच जिला अस्पताल में किए।

# सरकारी चकरोड बंद करने आरोप किसानों ने पुलिस को दी तहरीर

बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव औरंगाबाद ताहारपुर में दो दबंगों ने सरकारी चकरोड़ को किया बंद। पीड़ित किसानों ने पुलिस को दी तहरीर। गांव औरंगाबाद ताहार पुर निवासी पीड़ित देशराज सिंह, शकुन्तला देवी, जगराम सिंह, सुन्दर सिंह आदि ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गांव की पश्चिमी दिशा में करीब बीस साल पुरानी सरकारी चकरोड़ थी।इसी रास्ते से होकर गांव के किसान अपने अपने खेतों पर वाहनों से आते जाते थे।दो दिन पहले गांव के दो भाइयों ने उसे टैक्टर से जोत दिया और उसके बाद पानी से भर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को खेतों पर आना जाना बंद हो गया है। उन्हें भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अहार से चकरोड़ को शीघ्र खुलवाने की मांग की है और दबंग भाइयों के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक भुवनेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के द्वारा आईवीएफ लीडर सेमिनार का शानदार आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- जय श्री कृष्णा फाउंडेशन के द्वारा सेमिनार की यात्रा सुबह आठ बजे पीएनयू क्लब से शुरू हुई जहां उपस्थित 100 से ज्यादा सदस्यों का शानदार ढ़ोल से स्वागत एवं मफलर से सम्मान, फ्लैग के साथ सभी रवाना हुये पीएनयू क्लब के सुजीत केशरी, विभु रत्न का आभार `तत्पश्चात लमही कृष्णा डेकोर में जबरदस्त स्वागत, दुपट्टे से सम्मान, फूलों पॉप अप ओर कोल्ड पैरों से अद्भुत स्वागत व बनारसी नाश्ता का स्वादिष्ट आनंद सभी ने लिया` दिव्या राकेश अग्रवाल, अपूर्व एवं पूरे कृष्णा डेकोर टीम की जितनी तारीफ की जाए कम है आभार` नंदगांव काशी रिजॉर्ट लमही के पास खूबसूरत वेन्यू के लिए मदन अग्रहरि व उनकी पूरी टीम को शानदार प्रॉपर्टी के लिए एवं पूरी व्यवस्था के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं

`सेमिनार में सदस्यों को अपनी रुचि के हिसाब से व्यवसाय को कैसे ऊपर ले जाएं एवं सफलता की मार्ग पर कैसे आधुनिक तकनीक से ठोस कदम बढ़ाते हुए आगे बढ़े इस पर विस्तृत चर्चा की गई आईबीएफ बैच

एक से सात तक के सदस्य मौजूद रहे डिजिटल सोशल सिस्टम को प्राथमिकता देने की बात की गई सुबह आठ से लेकर शाम के पांच तक 100 से ज्यादा जेएसके आईवीएफ लीडर्स का एक साथ होना यकीनन शानदार भविष्य की दस्तक है सत्र 2026-27 के लिए बनी इस बेहतरीन

टीम को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां` आइवीएफ पदाधिकारी सहित सभी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोगियों का तहे दिल से आभार एवं बधाइयाँ कार्यक्रम में अरविंद जैन, बृजेश दास लोड, अभिषेक भट्टाचार्य, प्रदीप मल्होत्रा, डॉ आशीष गुप्ता, डॉ शालिनी राणा, ऋचा दूबे, रमेश सेठ सहित अनेकों लोग मौजूद रहे` स्वागत नीतेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप उपाध्याय ने किया संचालन संस्था के संस्थापक संजीव अग्रवाल ने किया ।

# श्मशान घाट से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिकंदराबाद।** गांव पिलखनवाली के ग्रामीणों ने श्मशान घाट की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को हटवाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सिकंदराबाद को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट की भूमि सार्वजनिक उपयोग की है, जिस पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इससे गांव के लोगों को अंतिम संस्कार के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध कब्जा शीघ्र हटवाने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# श्री गिरिराज जी सेवक मंडल परिवार आगरा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 56 भोग मनोरथ उत्सव पूर्ण

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** गिरिराज महाराज की अनंत कृपा, वैष्णव परंपरा की पवित्रता और भक्तों की निष्कलुष श्रद्धा से ओतप्रोत वातावरण में श्री गिरिराज जी सेवक मंडल परिवार, आगरा के तत्वावधान में श्री गुरु कार्ष्णि आश्रम, बड़ी परिक्रमा मार्ग, आन्योर, गोवर्धन में आयोजित दो दिवसीय श्री गिरिराज जी छप्पन भोग मनोरथ के दूसरे दिन गोवर्धन धाम पूर्ण रूप से भक्ति, सेवा और दिव्यता में डूबा नजर आया। जैसे ही ठाकुर जी सूर्य गरुड़ ध्वजा रथ पर विराजमान होकर भक्तों को दर्शन देने प्रकट हुए, समूचा गोवर्धन ह्लजय गिरिराज महाराजह्व के जयघोषों से गूंज उठा।दूसरे दिन प्रातःकाल बाल भोग के उपरांत चांदी के कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा और मयार्दा के साथ निकली इस कलश यात्रा ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिसका नेतृत्व सीमा गोयल, स्वीटी गर्ग, उर्मिला माहेश्वरी, कविता अग्रवाल, प्राची अग्रवाल एवं मनीषा गोयल ने किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजन स्थल पर विधिवत कलश स्थापना की गई। हरि ओम महाराज और महंत कपिल नागर के मार्गदर्शन में चरण सेवक अजय गोयल, मनोज कुमार गर्ग, श्याम सुंदर माहेश्वरी, पवन अग्रवाल, मनीष गोयल और नीरज अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया और दिव्य छप्पन भोग मनोरथ दर्शन शुरू हुए। जिसमें ठाकुर जी को 11 किलो वजनी चांदी के विशाल थाल में विविध प्रकार के छप्पन भोग अर्पित किए गए। 1100 छबड़िया में भी भोग अर्पित हुए।ठाकुर जी का श्रृंगार विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा—हीरे जड़े आभूषणों से अलंकृत, चांदी की छड़ी धारण किए, गरुड़ ध्वजा रथ पर विराजमान गिरिराज महाराज साक्षात कृपा स्वरूप प्रतीत हो रहे थे।छप्पन भोग दर्शन के साथ ही विशाल साधु सेवा का आयोजन हुआ, जिसमें 501 साधु-संतों को श्रद्धा भाव से भोजन प्रसादी कराई गई। तत्पश्चात भक्तों के लिए विशाल महाप्रसादी (भाव भोजन) का आयोजन हुआ, जिसमें गोवर्धन आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महा प्रसादी के विहंगम दृश्य ने श्रद्धा का ज्वार सरीखा अनुभव कराया।संध्याकाल में आयोजित भव्य भजन संध्या ने पूरे वातावरण को रस, भाव और भक्ति से सराबोर कर दिया।

# होटल बालाजी पैलेस काशी में मल्टी -क्यूजीन रेस्टोरेंट इच्छा स्वाद का हुआ भव्य शुभारंभ

(संतोष कुमार सिंह )



**वाराणसी** :- सनातन धर्म की राजधानी काशी की पावन भूमि पर अपनी सात्विक परंपरा एवं उत्कृष्ट सेवा के लिए विख्यात महमूरगंज स्थित होटल बालाजी पैलेस काशी में मल्टी-क्यूजीन रेस्टोरेंट इच्छा स्वाद का भव्य शुभारंभ भगवत भूषण पूवार्चार्य पंडित श्री श्रीनाथ जी शास्त्री एवं परम पूज्य वैदिक पधिक अनुराग जी शास्त्री के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ विदित हो कि बालाजी पैलेस अध्यात्म नगरी काशी की वैदिक एवं धार्मिक विरासत को संजोते हुए अपने अतिथियों को उत्कृष्ट,शुद्ध एवं सात्विक आतिथ्य प्रदान करने हेतु सतत प्रतिबद्ध रहा है इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए इच्छा स्वाद रेस्टोरेट में अतिथियों को शुद्ध सात्विक भोजन के साथ-साथ विविध प्रकार के व्यंजन उक्ति मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे होटल बालाजी पैलेस काशी के प्रबंध निदेशक अनुराग चांदवासिया ने बताया की इस रेस्टोरेंट में चाइनीज कॉन्टिनेंटल,इटालियन,साउथ इंडियन, राजस्थानी व्यंजनों के साथ-साथ विशिष्ट बनारसी नाश्ते का भी विशेष प्रबंध किया गया है जिससे देश विदेश से आने वाले श्रद्धालु एवं पर्यटक काशी के पारंपरिक स्वाद का आनंद ले सकें बालाजी पैलेस होटल सेवा कार्यों के लिए भी वाराणसी में एक विशिष्ट पह?चान बना चुका है होटल द्वारा एक गौशाला का संचालन किया जाता है तथा आय का एक भाग कन्याओं की शिक्षा,गो-सेवा,निशुल्क होम्योपैथी दवा वितरण एवं दिव्यांगजनों के दर्शन हेतु ई-रिक्या सेवा जैसे सामाजिक कार्यों में व्यय किया जाता है आगामी 25 दिसंबर को इच्छा स्वाद रेस्टॉरेंट में तुलसी दिवस मनाया जाएगा जिसमें अतिथियों को विशेष सनातन व्यंजन परोसे जाएंगे एवं काशी की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा इस अवसर पर बालाजी पैलेस ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी संजय लोहिया उपस्थित रहे,उन्होंने कहा कि यह केवल एक होटल नहीं, बल्कि एक सेवा प्रकल्प है जिसके माध्यम से लोगों को उच्च गुणवत्ता का भोजन एवं आवास प्रदान किया जा रहा है इच्छा स्वाद' रेस्टॉरेंट काशी के लिए एक नई धरोहर सिद्ध होगा बालाजी पैलेस काशी के प्रबंध निदेशक अनुराग चांदवासिया ने बताया कि रेस्टॉरेंट का मेनू हर आयु वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है काशी आने वाले अतिथियों के लिए बनारसी नाश्ता विशेष आकर्षण होगा वहीं युवा वर्ग के लिए भी विविध आधुनिक व्यंजन उपलब्ध है।

## चार दिन पहले स्याना के माकडी गांव में घर के सामने से बुलेट चोरी गांव के बाहर सड़क पर खड़ी मिली

**स्याना/बुलंदशहर**/स्याना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी चोरों ने खुद को बचाने के लिए गांव के बाहर छोटी बाइक स्याना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांकड़ी में चार दिन पहले एक बुलेट मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों ने हिमांशु त्यागी पुत्र संजय त्यागी की मोटरसाइकिल उनके घर के सामने से चुरा ली थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी। यह घटना 18 दिसंबर की रात से 19 दिसंबर की सुबह 7 बजे के बीच हुई। हिमांशु त्यागी, पुत्र संजय त्यागी, ने पुलिस को बताया कि उनकी बुलेट मोटरसाइकिल जिसका नंबर यूपी 13 सीए 7655 है, घर के बाहर खड़ी थी। सुबह जब उन्होंने देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी। इसके बाद उन्होंने थाना स्याना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का काला आम पर फूंका पुतला

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** सोमवार को शिवसेना के कार्यकताओं ने काला आम मलका पार्क पर इकट्ठे हुए और सभी ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदू बहन बेटियों और हिंदुओं का नरसंहार हत्याओं पर भारी आक्रोश प्रकट किया और शिव सैनिकों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला फूंक कर आक्रोश प्रकट किया और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें मांग है की बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा की जाए बहन बेटियों की रक्षा की जाए और आरोपियों के खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की मांग की इस अवसर पर सर्वेश राणा जिला अध्यक्ष शिवसेना राजकुमार गिरी प्रदेश सचिव सुधीर सैनी जिला उपाध्यक्ष राजीव सिंह जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा दानवीर प्रधान जिला प्रभारी जसवंत सिंह जिला प्रवक्ता सीताराम कश्यप जिला उपाध्यक्ष नीलम भाटी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सरोज सिंह जिला प्रभारी महिला मोर्चा रानी ठाकुर जिला महासचिव महिला मोर्चा उषा राजपूत जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा प्रवेश लोधी नगर अध्यक्ष औरंगाबाद तेजवीर सिंह लोधी नगर अध्यक्ष जहांगीराबाद ऋतिक गोस्वामी नगर अध्यक्ष खुर्जा हर्ष भारद्वाज नगर अध्यक्ष सिकंदराबाद कुमारपाल लोधी दिनेश कुमार बबलू गिरी अरविंद कुमार देवेंद्र कुमार मुक्ति सभरवाल आकाश गोस्वामी नितिन कुमार चंद राहुल कुमार देवेंद्र कुमार विकास लकी सत्येंद्र दीपक

कुमार वीणा ठाकुर रेणु कुमारी ईश्वर दयाल अजय जाटव नीतू वशिष्ठ डी वशिष्ठ आदि सैकड़ो शिव सैनिक मौजूद रहे।

# किसान पाठशाला में मिली जानकारी से प्रेरित होकर किसानों ने किया ड्रोन का प्रयोग

वेलकम इंडिया संदीप तिवारी



**वाराणसी मिजार्मुराद।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों का तकनीकी ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से गांव में संचालित की जा रही किसान पाठशाला का असर अब क्षेत्र में दिखाई देने लगा है ।बीते दिनों कृषि विभाग की किसान पाठशाला में ड्रोन के सम्बंध में दी गयी जानकारी से प्रेरित होकर चौबेपुर क्षेत्र के भंदहांकलां एवं कैथी गांव के किसानों ने सोमवार को ड्रोन की सहायता से गेहूं के खेत में खरपतवार नियंत्रण हेतु ड्रोन से खरपतवारनाशी दवा का छिड़काव कराया ।दवा का छिड़काव कर रहे ड्रोन को किसानों ने उत्सुकता भरी निगाहों से देखा ।कैथी गांव के किसान महेंद्र यादव ने बताया कि बीते दिनों किसान पाठशाला में मास्टर ट्रेनर द्वारा ड्रोन के सम्बंध में जानकारी दी थी जिससे प्रेरित होकर हम लोगों ने दवा के छिड़काव के लिए ड्रोन का प्रयोग किया ।यह प्रयोग काफी सफल रहा ।भंदहांकलां गांव के प्रगतिशील किसान चंद्रदेव यादव ने बताया कि ड्रोन से खेत में दवा का छिड़काव करने पर समय व श्रम के साथ ही पानी व रसायनिक दवाओं की बचत हुई और बहुत ही कम समय में ही दवा छिड़काव हो गया ।कैथी गांव के किसान हरिनारायण सिंह का कहना था कि ड्रोन के प्रयोग से मजदूरों की कम आवश्यकता होने से खेती की लागत में भी कमी आती है और दवा का छिड़काव भी एक समान होता है ।बताया कि कम दवा के प्रयोग से ही अधिक क्षेत्रफल में छिड़काव किया जा सकता है ।

# वाराणसी में कार्यालय उद्घाटन के दौरान कार्यकताओं ने गोपाल राय का किया जोरदार स्वागत

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस द्वारा भारत मंडपम नई दिल्ली में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ था उक्त अवसर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन धर्म एवं संस्कृति के उत्थान हेतु किए गए उनके उल्लेखनीय एवं निरंतर योगदान के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया कार्यों के लिए प्रदान किया गया उनके प्रयासों की वैश्विक स्तर पर सराहना हुई है अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह के पश्चात गोपाल राय कार द्वारा नई दिल्ली से लखनऊ और लखनऊ से वाराणसी के लिए प्रस्थान किए वाराणसी में थाना चितईपुर अंतर्गत नारायण विहार कॉलोनी,हनुमान मंदिर के पास स्थित संगठन कार्यालय में उन्होंने विधि विधान से कार्यालय का उद्घाटन किया कार्यालय उद्घाटन के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने,समाज में एकता एवं समरसता स्थापित करने तथा सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किय\ा अपने संबोधन में गोपाल राय ने वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस के आयोजकों एवं चयन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है बल्कि सनातन संस्कृति और उसके मूल्यों के लिए समर्पित प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है उन्होंने यह भी संकल्प दोहराया कि भविष्य में भी वे देश- विदेश में सनातन संस्कृति की रक्षा एवं उत्थान के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करते रहेंगे उक्त अवसर पर प्रमुख रूप ओम प्रकाश (ओपी) कश्यप, पंकज सिंह,कृष्णा पांडे,राजेश मोर्य,हर्ष सिंह, सत्यम राय, अखिलेश कुमार,अंकुर राय,प्रवीश पांडे,आशीष पांडे, नीरज साव,रवि पांडे,शक्ति सिंह,मनोज कुमार,संतोष पटेल,आशीष कुमार सेठ आदि सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंग्लैंड की संस्था द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय हुए सम्मानित

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस द्वारा भारत मंडपम नई दिल्ली में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ था उक्त अवसर पर विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन धर्म एवं संस्कृति के उत्थान हेतु किए गए उनके उल्लेखनीय एवं निरंतर योगदान के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया यह सम्मान गोपाल राय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लव जिहाद,आतंकवाद एवं जिहादी ताकतो के विरुद्ध उनके सक्रिय प्रयासों,सनातन संस्कृति की रक्षा,गौ रक्षा तथा पाकिस्तान,बांग्लादेश सहित विश्व के विभिन्न देशों में हिंदुओं एवं हिंदुत्व की सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया उनके प्रयासों की वैश्विक स्तर पर सराहना हुई है अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह के पश्चात गोपाल राय कार द्वारा नई दिल्ली से लखनऊ और लखनऊ से वाराणसी के लिए प्रस्थान किए वाराणसी में थाना चितईपुर अंतर्गत नारायण विहार कॉलोनी,हनुमान मंदिर के पास स्थित संगठन कार्यालय में उन्होंने विधि विधान से कार्यालय का उद्?घाटन कियो कार्यालय उ?द्घाटन के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने,समाज में एकता एवं समरसता स्थापित करने तथा सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया अपने संबोधन में गोपाल राय ने वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस के आयोजकों एवं चयन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है बल्कि सनातन संस्कृति और उसके मूल्यों के लिए समर्पित प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है उन्होंने यह भी संकल्प दोहराया कि भविष्य में भी वे देश- विदेश में सनातन संस्कृति की रक्षा एवं उत्थान के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करते रहेंगे उक्त अवसर पर प्रमुख रूप ओम प्रकाश (ओपी) कश्यप, पंकज सिंह,कृष्णा पांडे,राजेश मोर्य,हर्ष सिंह, सत्यम राय, अखिलेश कुमार,अंकुर राय,प्रवीश पांडे,आशीष पांडे, नीरज साव,रवि पांडे,शक्ति सिंह,मनोज कुमार,संतोष पटेल,आशीष कुमार सेठ आदि सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंसूरपुर में रोके गए कचरे से लदे ट्रक, हंगामा

**मंसूरपुर।** दिल्ली-दून हाईवे पर गाजियाबाद, हापुड़ से कचरे से लदे दो ट्रकों और एक ट्रॉले को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकताओं ने मंसूरपुर क्षेत्र में रोक लिया। उन्होंने कुछ समय के लिए मौके पर धरना प्रदर्शन भी किया। कार्यकताओं को सूचना मिली कि खतौली की ओर से दो ट्रकों और एक ट्रॉले में कचरा लादकर मुजफ्फरनगर पेपर मिल में लाया जा रहा है। नावला कोठी पर कार्यकताओं ने कचरे से भरे दो ट्रकों और एक ट्रॉले को पकड़ लिया। मौके पर पहुंचे पुलिस आरटीओ सुशील मिश्रा और प्रदूषण विभाग के जेई राजा ने बताया कि तीनों वाहनों को सीज कर पुलिस की कस्टडी में खड़ा कर दिया गया है। प्रदूषण विभाग के जेई ने बताया कि चेक पोस्ट पर कचरे से लदे वाहनों की निगरानी की जाएगी। इस मौकके पर पवित अहलावत, विकास दीक्षित, गुड्डू सुमित, विशाल कुलबीर सिंह मौजूद रहे।

## न्यू ईयर की पहली मुस्कान: 4 जनवरी को 13 जगह सजेगा बच्चों की मुस्कान का महाकुंभ

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज** से शुरू हुआ मानवता का अनोखा अभियान अब राष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। न्यू ईयर के पहले रविवार 4 जनवरी 2026 को देशभर के 13 स्थानों पर सातवां ह्लऑफेंस स्माइल डेह्व मनाया जाएगा, जिसमें 2000 से अधिक अनाथ व जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां साझा की जाएंगी।

इस अभियान की शुरूआत हैप्पी लाइफ फैमिली एंड वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक जितेश केसरवानी ने 6 वर्ष पूर्व प्रयागराज से की थी। इस वर्ष आयोजन प्रयागराज, कानपुर देहात, मुंबई (वाडिया हॉस्पिटल), सूरत, राजकोट, अमृतसर, हिमाचल, मऊआइमा, रूरा सहित कई स्थानों पर होगा।

जितेश केसरवानी ने कहा, ह्लमहाकुंभ 12 साल में आता है, लेकिन बच्चों की मुस्कान का महाकुंभ हर साल लगना चाहिए।ह्व

यह दिन उन बच्चों का सामूहिक जन्मदिवस है जिन्हें अपने जन्मदिन की खुशियां नसीब नहीं।मीडिया प्रभारी सनी केसरवानी को दिए साक्षात्कार में उन्होंने इसे वैश्विक पर्व बनाने की अपील की—उद्देश्य सिर्फ एकः किसी मासूम की मुस्कान बनना।

## जानी खुर्द से भूपगढ़ी पैदल गए थे चौधरी चरण सिंह

**मेरठ।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह चाहे किसी पद पर रहे लेकिन किसान और गांव की माटी को नहीं भूले। वह सादगी की मिसाल थे। बात 1967 की है, जब चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बन चुके थे। इसके बाद वे अपने गांव भूपगढ़ी आए। उन्होंने अपने सरकारी अमले को गांव के बाहर जानी खुर्द में ही छोड़ दिया और अपने सहपाठी स्वतंत्रतासेनानी पंडित छोटन लाल उपाध्याय के साथ पैदल ही गांव में पहुंचे। यहां के लोगों का हाल-चाल जाना। उनके तहेरे भाई चौधरी गिरोही सिंह बीमार थे। उनकी सेहत के बारे में जानकारी ली। सोमवार को यह किस्सा चौधरी चरण के पौत्र चौधरी आदेशपाल ने भूपगढ़ी में बताया। उन्होंने बताया कि चौधरी चरण सिंह की प्रारंभिक शिक्षा जानी खुर्द के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक से हुई। यहां से कक्षा पांच तक की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद सिवाल के मदरसे में भी पढ़े। यहां से उनका परिवार भदौला (अब गाजियाबाद) चला गया। भूपगढ़ी के चौधरी आदित्य पाल और चौधरी अनिल कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह एक बार दलपत सिंह की दुकड़िया पर भी आए थे।

# दया से बढ़ती खुशी: दूसरों की मदद करने वाले लोग ज्यादा सुखी और मानसिक रूप से स्वस्थ

सनी कुमार केसरवानी



**प्रयागराज** दूसरों की मदद करना न सिर्फ नैतिक कर्तव्य है, बल्कि मानसिक सेहत को बेहतर बनाने का प्रभावी उपाय भी है। जर्मनी की एक यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए ताजा शोध में सामने आया है कि दयालु और मददगार लोग ज्यादा खुश, संतुष्ट और भावनात्मक रूप से मजबूत होते हैं। 40 से अधिक अध्ययनों के विश्लेषण में पाया गया कि दयालुता तनाव और उदासी को कम करती है तथा जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बढ़ाती है। शोधकताओं के अनुसार, दया का अर्थ केवल सहानुभूति नहीं, बल्कि सामने वाले की पीड़ा को समझकर उसे कम करने का प्रयास करना है।

यह गुण उम्र, लिंग या धर्म से परे हर व्यक्ति पर समान सकारात्मक असर डालता है। विशेषज्ञों का मानना है कि दयालुता सीखी जा सकती है– स्वयंसेवा, सामाजिक गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से।

ज्योति आनंद ने बताया कि सेवा से मिली सच्ची खुशी पिछले 19 वर्षों से समाज सेवा में सक्रिय ज्योति आनंद का अनुभव भी इसी शोध की पुष्टि करता है। उनका कहना है कि सेवा भाव अपनाने से जीवन में उद्देश्य, मानसिक संतुलन और सच्ची खुशी मिलती है। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि जब इंसान समाज के लिए जीना शुरू करता है, तभी असली खुशी मिलती है।

# प्रदर्शनी में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद वाराणसी में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26 के अवसर पर आत्म निर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत स्वदेशी खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादो को लोकप्रिय बनाने हेतु' 'वोकल फार लोकल' की थीम पर प्रदर्शनी का आयोजन 20 से 29 दिसम्बर 2025 तक किया गया है भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में वित्तपोषित इकाईयो अन्य पंजीकृत संस्थाओ द्वारा स्टॉल लगाये गये है खादी तथा ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी का आयोजन इसलिये किया जा रहा है कि सामान्य लोग स्वरोजगार से प्रेरित होकर स्वदेशी उत्पादों को बनाये व अन्य लोगो को भी रोजगार दे सके जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके इस प्रदर्शनी में खादी वस्त्रों व ग्रामोद्योगी वस्तुओं की जमकर खरीदारी हो रही है उपभोक्ता खादी पर तीस प्रतिशत छूट का लाभ उठा रहे हैं खादी वस्त्र नहीं विचार है यह प्रसिद्ध कथन महात्मा गाँधी का है जिन्होंने खादी को सिर्फ एक कपड़ा नहीं,बल्कि भारत की स्वतंत्रा, आत्मनिर्भरता,ग्रामीण अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में देखा और बढ़ावा दिया प्रदर्शनी में जनपद वाराणसी के साथ-साथ अन्य प्रदेशों जैसे उत्तराखण्ड विभिन्न जनपद जैसे प्रतापगढ़, मीरजापुर, कुशीनगर,प्रयागराज सहित इत्यादि जनपदो की पंजीकृत इकाईयो द्वारा अपने उत्पाद की प्रचार-प्रसार एवं बिक्री हेतु 125 स्टॉल लगाये गये है जिसमें खादी के 22 स्टॉल एवं ग्रामोद्योग 103 उद्योगो के स्टॉल लगाये गये है परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी यूपी सिंह द्वारा बताया गया कि प्रदर्शनी में 22 दिसम्बर 2025 तक की कुल बिक्री 53 लाख रुपए रही प्रदर्शनी में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है खरीदारी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यकम का परिवार के साथ आनंद उठायें।

# नजीबाबाद थाना प्रभारी ने किया व्यावसायिक प्रतिष्ठान का शुभारंभ

वेलकम इंडिया महमूद रजा




जनपद बिजनौर मंडावली हरिद्वार रोड पर मलिक मोटर एजेंसी का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार, चौधरी ईशम सिंह, भाजपा नेता अनुज चौधरी, वरि उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया भव्य उद्घाटन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, राजनैतिक, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे इस अवसर पर थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि नवीन व्यवसाय के साथ-साथ ग्राहक सेवा का विशेष ध्यान रखना चाहिए यातायात के नियमों का पालन करना सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का विशेष ध्यान रखना हम सबके लिए आवश्यक है चौधरी ईशम सिंह व अनुज चौधरी ने शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको खुद अपनी एवं अपने परिवार की रक्षा सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाना अति आवश्यक है उन्होंने मलिक मोटर एजेंसी के स्वामी शरीफ अहमद से आह्वान किया कि स्कूटी बाइक खरीदने वाले प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत तौर पर हेलमेट लगाने का आह्वान करें उन्होंने कहा कि देश में आज इलेक्ट्रिक वाहनों की क्रांति का युग चल रहा है जहां एक ओर हम अपने देश प्रदूषण रहित देश बनाने में लगे हैं उसमें इलेक्ट्रिक वाहन विशेष सहयोग कर रहे हैं वहीं बढ़ते पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत की गति को रोकने में भी इलेक्ट्रिक वाहन वरदान साबित हो रहे हैं स्कूटी शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित सचिन देशवाल महामंत्री भाजपा, अनुज काकरान जिला पंचायत सदस्य मौ युनुस, शहाबुद्दीन मकरानी, सुनील त्यागी, मा नीरज कुमार, वीर सिंह, अब्दुल रहमान अल्वी, अशोक कुमार, वीरेंद्र सिंह, वसीम अहमद, मोहम्मद जकी खान, शानू अहमद, रसीद अहमद, मौ गय्यूर अहमद, इदरीस अहमद, डा हरीश विश्वकर्मा, नवेद मलिक कल्लू प्रधान, अजीत देशवाल, मुजाहिद मंसूरी, इकबाल अहमद, हफीज अहमद, मौ अलकमी, दलीप सिंह, जोगराज सिंह आदि उपस्थित रहे प्रतिष्ठा के स्वामी शरीफ अहमद ने शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित हुए सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ का क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट किया।

## नगर पालिका के प्रदूषण नियंत्रण के दावे विफल, लापरवाही उजागर

**स्याना/बुलंदशहर**/स्याना नगर और आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम कूड़ा जलाया जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। सोमवार को स्याना का वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 281 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। नगर पालिका के प्रदूषण नियंत्रण के दावे विफल होते दिख रहे हैं। कूड़ा-कचरा जलाने पर प्रतिबंध के बावजूद, स्याना नगर में सड़कों पर खुलेआम कूड़ा जलाया जा रहा है। इससे निकलने वाला जहरीला धुआं 24 घंटे सड़कों पर फैला रहता है, जिससे राहगीरों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। रविवार रात बुगरासी चौराहे स्याना पर नगर पालिका द्वारा लगाए गए कूड़ेदान से कूड़ा जलाया गया, जिसका धुआं नगर के मुख्य चौराहे तक पहुंच गया। वाहनों के धुएं के कारण शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खराब श्रेणी में बना हुआ है। इस स्थिति के लिए नगर पालिका कर्मचारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। प्रतिदिन सड़क किनारे कूड़ा, प्लास्टिक और पॉलिथीन को आग के हवाले किया जा रहा है।

# आर आर पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती धूमधाम के साथ मनाई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** स्योहारा रोड स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती बड़ी ही प्रासंगिकता और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल में गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाया जाता है। रामानुजन का बचपन निर्धनता और कठिनाइयों में बीता। श्रीनिवासन रामानुजन के गणित पर लिखा आर्टिकल तत्कालीन समय की सर्वोत्तम विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित होते थे। संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए उन्हें संख्याओं का जादूगर माना जाता है। अपने महान गणितीय अवदान के लिए रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ भी कहा जाता है। स्कूल के बच्चों को उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल में रामरक्षपाल मेमोरियल मैथमेटिक्स ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें स्कूल के 573 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसको लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह बताया कि महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती के अवसर पर स्कूल में प्रत्येक वर्ष रामरक्षपाल मेमोरियल मैथमेटिक्स ओलंपियाड का आयोजन होता है। यह स्कूल का दसवां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। सभी बच्चों को रामानुजन के पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। क्योंकि महान प्रतिज्ञा श्रीनिवास रामानुजन भारत की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने गणित के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस अवसर पर सुशांत मेहरा, मुकुल शर्मा, गौरव चौहान, अनुराग शर्मा, कपिल कुमार, पूनम चौहान, कपिल बब्बर, शगुन चौहान,, वासु चौधरी, पूजा चौहान, आदि मौजूद रहे।

## जरूरतमंद व गरीब लोगों को रजाई वितरित की



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** समाज सेवी मोनू वर्मा ने बढती भीषण ठंड को देखते हुए रजाई वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे जरुरतमंदो को 70 रजाई वितरित की। गत वर्षो की बातें इस वर्ष भी अपने पिता स्वर्गीय राजकुमार वर्मा की याद में अपने घर से जरूरतमंद, असहाय लोगो को बढती सर्दी से बचाव को रजाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वितरण के दौरान सचिन वर्मा, भूपेंद्र सिंह नीटू, ऋषिपाल सिंह, आदि मौजूद रहे।

# भगवन्त पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्री निवास रामानुजन जयंती

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**चांदपुर :** भगवन्त पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती (राष्ट्रीय गणित दिवस) के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें रामानुजन के द्वारा गणित पर किए गए अनुसंधान और खोज की चर्चा की गई। गणित के अध्यापक गौरव कुमार ने छात्रों को राष्ट्रीय गणित दिवस के विषय में विस्तार से बताया व श्री निवास रामानुजन द्वारा गणित विषय पर किए गए कार्यों व उपलब्धियों को गिनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार राय ने सभी को गणित विषय अच्छे से सीखने की बात कही और गणित विषय के महत्व को बताया। इस अवसर पर गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें चारों हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया प्रश्नोत्तरी में गणित विषय के अनेक प्रश्नों को पूछा गया विद्यार्थियों ने अधिकतर प्रश्नों का जवाब बहुत अच्छे से दिया। इस मौके पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य नितिन शर्मा, वरिष्ठ समन्वयक दीपक कुमार, उप समन्वयक हृदेश शर्मा, दीपिका राजपूत, प्रदीप कुमार, प्रिंस चौधरी, गौरव कुमार आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## उत्तम शुगर मिल में गन्ना परिवहन में संचालित वाहनों की प्रति प्रवर्तन कार्यवाही की गयी



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बिजनौर गौरी शंकर ठाकुर द्वारा उत्तम शुगर मिल, बड़कातपुर में गन्ना परिवहन में संचालित वाहनों की प्रति प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही उनके द्वारा प्रत्येक वाहन चालक को निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहन मैं ओवर हाइट या बॉडी से अधिक गन्ने की ढुलाई न करें, बॉडी से अधिक मात्रा में संचालित करने पर वह बाहर की ओर चारों तरफ से निकल के मार्ग पर गिरता है जिससे अन्य वाहन चालकों खासकर दो पहिया वाहन चालक, कार चालक को वाहन चलाते समय समस्या का सामना करना पड़ता है एवं इससे दुर्घटनाएं भी घटित होती हैं। उक्त अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के साथ संयुक्त रूप से यातायात प्रभारी रवि नयन एवं उनकी टीम ने भी कार्यवाही की। इसके अतिरिक्त वहां मौजूद वाहन चालकों एवं शुगर मिल प्रबंधक को यह भी निर्देशित किया गया कि वह अपने वाहनों में पीछे की ओर रिफ्लेक्टर युक्त 4 मीटर लाल साटन कपड़ा लगाकर ही वाहन का संचालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही स्कूली वाहनों की संचालन के समय, गन्ना ट्रकों के संचालन को गन्ना सेंटर से कम करें। मिल प्रबंधन द्वारा इन सभी मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गयी।

## नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी जिलाधिकारी बिजनौर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने बताया कि लैंड एक्विजिशन ट्रिब्यूनल मुरादाबाद के माननीय न्यायाधीश श्री जैगम उद्दीन महोदय द्वारा उनके न्यायालय में लंबे समय से विचाराधीन इजराहे वाद उमेश बनाम सरकार केस में सिंचाई विभाग द्वारा पिटीशनर को 25 ह्लह्यँ 23 हजार रुपए न देने के कारण ऊट आवास इर्नल्लङ्क१ को कुर्क करने के आदेश पारित किए गए हैं। प्रयास किया जाएगा कि अग्रिम तारीख से पूर्व शासन वह धनराशि सिंचाई विभाग को रिलीज कर दे ताकि नियमानुसार पिटीशनर को भुगतान किया जा सके ।ये भी जाँच करी जाएगी की किस अधिकारी कर्मचारी के कारण ये डिमांड शासन पर भेजने में देरी करी गई। उन सभी कि विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी।

# साहिबजादों के बलिदान और धर्म योद्धाओं के संघर्ष से ही हुई सनातन धर्म की रक्षा

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** सनातन धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोबिन्द सिंह जी के चार पुत्रों और असंख्य सिख योद्धाओं ने मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध अनवरत संघर्ष किया, जिसके फलस्वरूप हमारा देश और धर्म की रक्षा हो सकी। राष्ट्र चेतना मिशन ने सोमवार को भी सैकड़ों स्कूली बच्चों के साथ वीर बाल दिवस मनाकर अमर शहीदों को नमन किया। राष्ट्र चेतना मिशन के 11 दिवसीय विशेष जनजागरण अभियान के तहत सोमवार को शिकारपुर के सूरजभान सरस्वती इंटर कॉलेज के विशाल सभागार में नवम गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान वर्ष एवं दशम गुरु गोबिन्द सिंह के चार पुत्रों को समर्पित वीर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने कहा कि सन 1704 में औरंगजेब के तानाशाही और अत्याचारी शासन के दौरान चमकौर के युद्ध में गुरु गोबिन्द सिंह के 18 वर्षीय पुत्र अजीत सिंह तथा 14 वर्ष के जुझार सिंह वीरता के साथ मुगलों से लड़ते हुए शहीद हो गए। कुछ दिन बाद ही पंजाब के सरहिन्द क्षेत्र के नवाब वजीर खान ने गुरुजी की माता गूजरी और दोनों छोटे बेटों 9 वर्ष के जोरावर सिंह तथा 7 वर्ष के फतेह सिंह को बंदी बनाकर भारी यातनाएँ दीं।

## सहकारी समिति के गोदाम से खाद के 66 कट्टे चोरी




वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडावर ।शनिवार की रात्रि चोर गाँव शेखुपुरा में स्थित जहांगीरपुर बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के गोदाम के ताले तोड़कर डीएपी के कट्टे चोरी कर ले गए। चोरी की सुचना पर पहुंची पुलिस ने भी घटना की जानकारी ली।

शनिवार की रात्रि चोर क्षेत्र के गाँव शैखुपुरा स्थित जँहागीरपुर बहुउदेशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति के गेट का ताला तौड़ कर गोदाम मे रक्खे डीएपी खाद के 66 कटे चोरी कर ले गए। घटना का पता तब लगा जब गाँव निवासी किसान शुभम रविवार की सुबह अपने खेतो पर जा रहे थे ।उन्होंने समिति के गेट का ताला टुटा देख समिति के कर्मचारियों को सूचना दी सुचना पर पहुचे ग्रामीण सहकारी समिति के एमडी प्रेमदास व चेयरमेन ने पुलिस को सुचना दी सुचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया की घटना सन्धिगद लग रही है। मामले की जाँच की जा रही है।

# गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने आगरा में किया कार्यक्रम

वेलकम इंडिया




आगरा दावत-ए-इस्लामी इंडिया* की सामाजिक इकाई गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन विषय पर नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति के विरुद्ध प्रभावी जन-जागरूकता फैलाना तथा विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुंबई क्षेत्र के प्रमुख प्रो. आरिफ अत्तारी ने समाज पर नशे से होने वाले गंभीर और नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बड़े स्क्रीन पर वीडियो एवं पीपीटी के माध्यम से नशे जैसी घातक बीमारी से बचने और दूसरों को बचाने के प्रभावी उपायों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ इस अभियान में ऋठफत्रृ का सहयोग करें, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके, जो देश की उन्नति के लिए आवश्यक है। हाजी सुल्तान सहाब ने समाज में फैली बुराइयों को दूर करने और एक दूसरे से मुहब्बत करने और मुल्क की तरक्की के लिए समस्त समाज के लोगों को प्रोत्साहित किया कार्यक्रम में ऋल्ल ल्ङ्क२र्स्र३ह्ल के डायरेक्टर हाजी रिजवान, दरगाह के सज्जादा सैयद मोहतशिम अली, पार्षद मनोज भाई, रजा खान, हाजी शानू कुरेशी एडवोकेट, आरिफ अत्तारी और समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे यह जन-जागरूकता कार्यक्रम दरगाह अमीर अबुल उला, मेला ग्राउंड, कर्बला, न्यू आगरा, आगरा में आयोजित किया गया।

# कर और डंपर की भिड़ंत में चार लोगों की मौत

वेलकम इंडिया महमूद रजा




बिजनौर के हरिद्वार मार्ग पर स्थित जालपुर गांव के पास एक डंपर और क्रेटा कार की जोरदार भिड़ंत में चार लोगों की जान चली गई. मृतक लोग राहतपुर गांव में आयोजित एक दीनी जलसे से वापस लौट रहे थे, तभी उनकी कार आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसी. जानकारी के अनुसार, यह हादसा रविवार रात करीब 11:15 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने की वजह से कार चालक को सड़क पर खड़ा डंपर दिखाई नहीं दिया और कार सीधे डंपर के पिछले हिस्से में समा गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग सहम गए।

जलसे से लौट रहे थे मृतक हादसे का शिकार हुए चारों लोग मंडावली क्षेत्र के गांव राहतपुर खुर्द में आयोजित एक दिवसीय मजहबी जलसे में शामिल होकर वापस लौट रहे थे प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा घाने कोहरे के कारण बताया जा रहा है मृतकों की पहचान निम्नलिखित रूप में हुई है: कारी इकबाल (65 वर्ष) झ निवासी गांव सराय आलम ।अशफाक (65 वर्ष) झ निवासी गांव राहतपुर एहतेशाम (25 वर्ष) झ निवासी गांव राहतपुर सलाउद्दीन (26 वर्ष) झ निवासी गांव राहतपुर

# कविता प्रभा का साहित्य महाकुंभः आठ पुस्तकों का लोकार्पण, दस कृतियाँ सम्मानित

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली।** कविता प्रभा राष्ट्रीय साहित्य समूह का वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। सुब्रतो पार्क में आयोजित साहित्य महाकुंभ का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार, संपादक व चिंतक प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव ने कहा कि साहित्य व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र को संस्कारित करने वाली शक्ति है। यह मानवता, पावनता और सहिष्णुता के मूल्यों को पुष्ट करता है। उन्होंने संस्थापक डॉ. कविता सिंह प्रभा के प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर कर्नाटक से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार ज्ञानचंद मर्मज्ञ ने कहा कि साहित्य मानव को बुद्धत्व की ओर अग्रसर करता है और उसे देवमानव से महामानव बनने की प्रेरणा देता है। देश के विभिन्न राज्यों से पधारे कवि, कवयित्रियों, कथाकारों, उपन्यासकारों, समीक्षकों और पत्रकारों की उपस्थिति में आठ कालजयी पुस्तकों का लोकार्पण किया गया तथा दस पुस्तकों को कृति सम्मान2025 प्रदान किए गए। सम्मान समारोह में नामचीन साहित्यकार प्रज्ञान पुरुष पंडित सुरेश नीरव, वरिष्ठ कवयित्री गुरु माँ मधु मिश्रा, कर्नाटक (बेंगलुरु) के शीर्षस्थ साहित्यकार ज्ञानचंद मर्मज्ञ, शरद सिंह, हरियाणा गौरव वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा व दिल्ली अकादमी के पूर्व उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा, राजस्थान की वरिष्ठ साहित्यकार व छंद विशेषज्ञ श्रीमती पुष्पा शर्मा कुसुम, राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित दिल्ली के वरिष्ठ साहित्यकार एस. जी. एस सिसौदिया और एक कोशिश स्पेशल स्कूल की संस्थापिका सुश्री मृदुल सिंह एवं गुरुग्राम की सुप्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती वीणा अग्रवाल, डॉ. शकुंतला मित्तल, राजपाल यादव राज, डॉ. अंजू क्वात्रा, छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध कवयित्री व चित्रकार अर्चना जैन सहित अनेक साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।



# महानगर में छह करोड़ से अधिक के नये नलकूप लगवाए : महापौर

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा है कि नगर निगम महानगर के लोगों को निर्बाध रुप से जलापूर्ति करते हुए लगातार महानगर में नये पंप निर्माण और रिबोर का कार्य कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि छह करोड़ रुपये से अधिक की लागत से महानगर में 50 से अधिक नये नलकूप लगाये व रिबोर कराये गए हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार वार्ड 7 में मंडल अध्यक्ष हन्नी वर्मा के संयोजन में आयोजित पम्प रिबोर कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी रामतीर्थ केंद्र के निदेशक पंडित सर्वेश प्रभाकर के सानिध्य में नारियल फोड़कर 15 एचपी के पम्प रिबोर कार्य का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि गत ढाई वर्षो में महानगर में 31 नये मिनी नलकूप लगवाये गए हैं। इसके अलावा वार्ड 4 महादेव कॉलोनी, वार्ड 33 इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, वार्ड 65 कमेला कॉलोनी, वार्ड 59 चकरोता रोड, वार्ड 29 बेरीबाग रणजीत नगर, वार्ड 7 जाटव नगर नाला पटरी व वार्ड 35 जवाहर पार्क में 35 एचपी क्षमता सहित सात नये नलकूपों का निर्माण कराया गया है। महापौर ने कहा कि जहां पानी आपूर्ति में बाधा आ रही थी उन क्षेत्रों में 20 बडे.नलकूपों को रिबोर कराया गया है। महानगर में छह करोड़ रुपये से अधिक की लागत से यह कार्य कराया गया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के प्रति दृढ़ संकल्पित है। महापौर के वार्ड 7 में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया। हन्नी वर्मा ने क्षेत्र के लोगों की ओर से महापौर का आभार व्यक्त किया। पार्षद राजेंद्र कोहली भी मौजूद रहे।

# पत्रकार हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जायेगा- महेंद्र नाथ सिंह

वेलकम इंडिया



विंध्याचल (मीरजापुर) ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तरप्रदेश की प्रदेश कार्य समिति की बैठक विंध्याचल स्थित गोयनका धर्मशाला में आयोजित की गई।बैठक में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के मंडल अध्यक्षों और 75 जिलों के जिलाध्यक्षों सहित संगठन के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह व संचालन प्रदेश महामंत्री डा. संजय द्विवेदी व हौसला प्रसाद त्रिपाठी ने किया।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष किया जायेगा। मार्च माह के अंतिम सप्ताह में पूरे प्रदेश के पत्रकारों को साथ लेकर लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। तहसील स्तरीय पत्रकारों को मान्यता देने व आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान करने के लिए हर संभव संघर्ष किया जाएगा। चरणबद्ध ढंग से सात सूत्रीय ज्ञापन प्रदेश के 80 सांसदों, 403 विधायकों, 18 मंडलायुक्तों व 75 जिलाधिकारियों को प्रेषित किया गया। महामंत्री डा. संजय द्विवेदी ने प्रदेश के 18 मंडल अध्यक्षों से संवाद करके उनके जिलों के निर्वाचन प्रक्रिया की समीक्षा की। समीक्षा के माध्यम से बरेली व मुरादाबाद मण्डल को सशक्त करने की जिम्मेदारी प्रांतीय पदाधिकारियों को सौपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंडल अध्यक्षों के माध्यम से ही जिलों की समीक्षा की जाएगी।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली खलीलाबाद, दुधारा के आरक्षियों की बीट बुक का निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना कोतवाली खलीलाबाद, दुधारा की बीट व्यवस्था की समीक्षा की । इस दौरान उन्होंने बीट बुक का अवलोकन किया तथा उसमें अंकित सूचनाओं, शिकायतों एवं निराकरण की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली खलीलाबाद के बीट अधिकारी का0 प्रदीप कुमार पटेल, हे0का0 जयराम सरोज व थाना दुधारा के बीट अधिकारी हे0का0 भरत यादव, हे0का0 राजेश प्रसाद को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाए। क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, असामाजिक तत्वों, वांछित/वारंटी अभियुक्तों पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा जनता से सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, साथ ही साथ बीट बुक में प्रत्येक सूचना का नियमित रूप से अद्यतन किया जाए और क्षेत्र में गश्त एवं चौकसी बढ़ाई जाए।

# भाकियू (बाबा ट) ने प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न देने की मांग




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

हापुड़ जनपद में भारतीय किसान यूनियन (बाबा ट) द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से संगठन के संस्थापक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की जोरदार मांग की गई ।इसके साथ ही संगठन ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को भी प्रमुखता से उठाया। वहीं बच्चों की शिक्षा से जुड़े अहम मुद्दे पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग की गई कि कक्षा 1 से कक्षा 10 तक का पाठ्यक्रम हर वर्ष बदलने के बजाय 3 से 5 वर्षों तक स्थिर रखा जाए, ताकि छात्रों पर अनावश्यक शैक्षणिक दबाव न पड़े ।भारतीय किसान यूनियन (बाबा ट) ने स्पष्ट किया कि जब तक बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया जाता, तब तक संगठन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इस संबंध में संगठन के सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इस मांग को लेकर भाकियू (बाबा ट) के कार्यकताओं ने जिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर मेरठ मंडल महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, गुलफाम सैफी (युवा जिला मीडिया प्रभारी), जिला मीडिया प्रभारी नईम सैफी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहसिन उर्फ बबलू भैया, सैंकी, जिला अध्यक्ष उमेश राणा, नदीम भाई सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# समाजसेवी से करोड़ों के मुनाफे का झांसा देकर ठगी, दबंगों पर संगठित धोखाधड़ी का आरोप

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले डॉ. संदीप के साथ करोड़ों के मुनाफे का लालच देकर बड़ी ठगी किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि खुद को क्रिप्टो करेंसी के व्यापार से जुड़ा बताने वाले कुछ दबंग किस्म के लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से पहले भरोसा जीता, फिर समाजसेवा में सहयोग के नाम पर निवेश कराया और बाद में रकम हड़प ली।

पीड़ित डॉ. संदीप के अनुसार, करीब दो वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात कुछ लोगों से हुई, जिन्होंने झाँसी में आयोजित एक सेमिनार के माध्यम से क्रिप्टो करेंसी में निवेश का दावा किया। इन लोगों ने कहा कि यदि एक बार निवेश किया जाए तो 15 माह में रकम तीन गुना हो जाएगी और हर माह नियमित रिटर्न भी मिलता रहेगा, जिससे समाजसेवा के कार्यों में निरंतर सहयोग किया जा सकेगा। समाज के हित में कार्य करने वाले डॉ. संदीप ने इनकी बातों पर विश्वास किया और अपने साथ अन्य लोगों को भी जोड़ा। आरोप है कि इसी भरोसे के चलते डॉ. संदीप द्वारा 15 लाख 75 हजार रुपये का चेक दिया गया, जो आरोपियों के खाते में जमा भी हो गया। इसके अलावा नगद और ऑनलाइन माध्यम से भी रकम दी गई। समय बीतने के बावजूद न तो कोई रिटर्न मिला और न ही मूल धन वापिस किया गया। पीड़ित का कहना है कि जब रकम वापस मांगी गई तो आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकियां दी जाने लगीं। डॉ. संदीप का आरोप है कि ये लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं, अपने साथ हथियारबंद गनर रखते हैं और समाज में अपना रौब जमाने के लिए बड़े-बड़े लोगों के साथ फोटो खिंचवाते हैं। इन तस्वीरों को वे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर खुद को रसूखदार साबित करते हैं, जिससे आम लोग डर के कारण उनके खिलाफ आवाज उठाने से बचते हैं।

## ससुराल में फंदे पर लटकी मिली महिला, पति समेत पूरा परिवार फरार, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद से त्रस्त एक विवाहिता ने अपने ही ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को महिला का शव कमरे में पंखे से फंदे पर लटकता मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। इस घटना में सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि घटना के बाद ससुराल पक्ष के सभी लोग मौके से फरार मिले। सूचना पर पहुंची बारादरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान 27 वर्षीय शिवानी शर्मा के रूप में हुई है। शिवानी की शादी चार साल पहले बारादरी के डोहरा गौटिया निवासी सोनू उर्फ बृज किशोर से हुई थी। मायके वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही शिवानी को लगातार प्रताड़ना झेलनी पड़ रही थी। पति-पत्नी के बीच आए दिन झगड़े होते थे, जिससे शिवानी मानसिक रूप से पूरी तरह टूट चुकी थी। सोमवार को शिवानी ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

जब पुलिस को सूचना मिली और वह मौके पर पहुंची, तो घर पर सन्नाटा पसरा हुआ था। ससुराल के सभी सदस्य रहस्यमय ढंग से फरार पाए गए, जिससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। शिवानी का मायका सुभाषनगर में है। घटना की जानकारी मिलते ही पिता मनीष शर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए।

# खलीलाबाद ब्लाक अध्यक्ष प्रजा राज्य पार्टी ने मनोनीत किया

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के प्रदेश अध्यक्ष जयराम गौतम के सहमती से जिला प्रभारी अफताब अंसारी ने अशोक कुमार को प्रजा राज्य पार्टी का खलीलाबाद ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया है। उक्त मनोनयन पर राप्रपा अध्यक्ष मेहदावल विधान सभा के लोकप्रिय युवा नेता तनवीर अहमद सनी, महिला प्रभारी प्रियंका निषाद, युवा अध्यक्ष प्रोफेसर नदीम खान, छात्र शक्ति संगठन अध्यक्ष व भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री पल्लवी गिरि, सुश्री रिमशा पुर्वांचल अध्यक्ष नवाज शेरवानी, श्रीराम कसेरा, मौलाना मुदस्सिर हुसैन अंसारी, डा सन्त बृजेश्वर प्रदेश प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी मो मुदस्सिर अंसारी गोरखपुर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश निराला, महराजगंज जिला प्रभारी तनवीर खान, युवा जिलाध्यक्ष अमजद खान. अमीन. प्रीति राव, शर्मिला गौतम, राजकुमार, शकील अहमद शहजादे, अफताब अंसारी, राजू निषाद, राम नयन निषाद नेहा अंसारी सानिया अंसारी बधाई दी एवं आशा व्यक्त किया कि सन्तकबीरनगर के खलीलाबाद ब्लाक में पार्टी को मजबूत करेगे

उक्त जानकारी राष्ट्रीय प्रजा राज्य पार्टी (राप्रपा) के प्रवक्ता अमीरुद्दीन अंसारी ने दी

## कम्बल और गर्म वस्त्र वितरण की शुरूआत

**झांसी।** सर्दियों ने दस्तक दे दी है और ऐसे में कई लोग ऐसे हैं, जिनके पास ओढ़ने पहनने के लिए गर्म कपड़े तक नहीं है। इसी सिलसिले में ऑल इण्डिया पयाम ए इन्सानियत फोरम झांसी यूनिट के तत्वावधान में कम्बल और गर्म वस्त्र वितरण करने की शुरूआत हो गई है। रेलवे स्टेशन, मेडिकल कॉलेज, बस स्टैंड पर ऐसे वंचित लोगों को यह भेंट किया गया, जिन्हें भीषण ठंड में इसकी जरूरत थी। यह कार्य अनाथालय, वृद्धाश्रम, फुटपाथ आदि पर अनवरत रूप से किए जाने की कार्ययोजना है,

जिससे कोई ठंड का शिकार न हो एक हफ्ते पहले ज़िला जिला, एवं वृद्ध आश्रम में कम्बल वितरण किया जा चुका हे। को ऑर्डिनेटर मुफ्ती इमरान नदवी बताते हैं कि इस प्रक्रिया को पूरी सर्दियों तक जारी रखा जाएगा इस मौके पर अफजाल खान, हाजी मुजाहिद, राजकुमार राव, राशिद खान, मजहर ओरछा गेट आदि बराबर शरीक रहे।

# हथियारों के बल पर प्लॉट कब्जाने की कोशिश, विरोध पर जमकर मारपीट

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बदायूं रोड स्थित सर्वोदय नगर में बीती रात हथियारों से लैस दबंगों ने प्लॉट पर अवैध कब्जे का प्रयास किया। कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने वहां मौजूद लोगों के साथ जमकर मारपीट की और हथियार लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित राकेश कुमार यादव, निवासी मढ़ीनाथ, थाना सुभाषनगर, ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2004 में बदायूं रोड सर्वोदय नगर स्थित प्लॉट राजेंद्र उर्फ राजकुमार से खरीदा था। राजेंद्र की मृत्यु के बाद उसका बेटा दीपक पटेल प्लॉट को अपना बताते हुए अवैध रूप से कब्जा करना चाहता है। राकेश यादव के अनुसार, रविवार को उन्होंने अपने प्लॉट की बाउंड्रीवाल करवाई थी। रात करीब 7 से 8 बजे के बीच दीपक पटेल निवासी नेकपुर और विश्व ठाकुर निवासी चौबारी, अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ अवैध हथियारों और लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और आते ही वहां मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया। आरोप है कि दबंगों ने प्लॉट की बाउंड्रीवाल को गिरा दिया और सुनील, वीरपाल और सनी (निवासी बंसीनगला) को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। कुछ लोग किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। घटना के दौरान आरोपी हथियार लहराते हुए लगातार जान से मारने की धमकियां देते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग सहमे रहे और किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं की। पीड़ित पक्ष ने थाना सुभाषनगर में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड 2025 से रामेन्द्री पाल सम्मानित

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** बदलते दौर में बेटियाँ हर क्षेत्र में अपनी काबिलियत और मेहनत से नई पहचान बना रही हैं। यह साबित करते हुए कि बेटियाँ किसी पर बोझ नहीं बल्कि समाज की सशक्त आधारशिला होती हैं, झाँसी की रामेन्द्री पाल ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य, निरंतर उपलब्धियों और सामाजिक योगदान के लिए खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

रामेन्द्री पाल ने कम उम्र में ही मॉडलिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाते हुए सफलता की ऊँचाइयों को छुआ है। वर्ष 2018 में ह्यचॉकलेट डायमंड का खिताब जीतकर उन्होंने अपने करियर की सशक्त शुरूआत की। इसके बाद 2019 में मिस बुंदेलखंड का खिताब जीतकर उन्होंने न केवल झाँसी बल्कि पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धियों का सिलसिला यहीं नहीं रुका। दिसंबर 2020 में भी रामेन्द्री पाल को खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में पिछले माह उन्हें बुंदेलखंड इंटरनेशनल अवॉर्ड से भी नवाजा गया। वर्ष 2025 में एक बार फिर खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित होना उनकी प्रतिभा, निरंतर संघर्ष और समर्पण का प्रमाण है। मॉडलिंग के साथ-साथ रामेन्द्री पाल राजनीति, व्यापार और समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। वे महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उनके प्रयासों को समाज के विभिन्न वर्गों से सराहना मिल रही है। रामेन्द्री पाल ने अपने आत्मविश्वास, मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध कर दिया है कि बेटियाँ किसी से कम नहीं होतीं। उनकी सफलता आज समाज की उन तमाम बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो आगे बढ़कर अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

# भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) की हापुड़ में संगठनात्मक बैठक, दो अहम नियुक्तियां

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आज दिनांक 22 दिसंबर 2025 को हापुड़ में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व संगठन के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं जिला प्रभारी अक्षित शर्मा तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष शारुक मलिक (सह प्रभारी) ने किया ।बैठक के दौरान किसानों, मजदूरों एवं आम जनता से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर और सार्थक चर्चा की गई। संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा जनहित के मुद्दों पर मजबूती से संघर्ष करने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।इस अवसर पर संगठन में नई जिम्मेदारियों की घोषणा करते हुए सागर गौतम को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश तथा गुलशन कुमार को युवा प्रदेश सचिव, उत्तर प्रदेश नियुक्त किया गया ।राष्ट्रीय संगठन महामंत्री अक्षित शर्मा ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारतीय किसान यूनियन (एकता शक्ति) किसान एवं मजदूरों के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगी और अन्याय व शोषण के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ आवाज उठाती रहेगी ।बैठक में प्रमुख रूप से युवा जिला अध्यक्ष हापुड़ अमान मलिक, युवा प्रदेश महासचिव अभिषेक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हापुड़ यश शर्मा, नगर अध्यक्ष हापुड़ लक्षद्वीप, रफीक त्यागी, जिला मीडिया प्रभारी हापुड़ शराफत सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।बैठक का समापन संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

# प्रीटी पेंग्विंस स्कूल में स्नोटोपिया वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमिस कार्निवल का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की शाखा प्रीटी पेंगुइन्स स्कूल में स्नोटोपिया वार्षिक उत्सव एवं क्रिसमिस कार्निवल का भव्य आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनोद वैशाली, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मोदीनगर ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आनंद प्रकाश मिश्रा, एस एच ओ, मोदीनगर भी उपस्थित रहे। डॉ. के.एन. मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन डी. के. मोदी, व्यवस्थापक मेघराज शर्मा, स्कूल हेडमिस्ट्रेस श्रीमती प्रेरणा वर्मा एवं फाउंडेशन के सभी संस्थाओं के प्रिंसिपल एवं निर्देशक की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर




व गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस वार्षिक उत्सव में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया गया। इस मौके पर अतिथियों व अभिवावकों के स्वागत के लिए स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने वेलकम सॉन्ग पर नृत्य प्रस्तुत किया जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात नन्हे मुन्नों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रदर्शन प्रस्तुत किया जिसने सभी का मन मोह लिया। इस वार्षिक उत्सव में बाहरी बच्चों के लिए 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष प्रतियोगिताएँ जैसे क्यूटेस्ट सांता, कलर मी अप और क्ले वंडर्स भी आयोजित की गई ।

सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार और प्रमाण पत्र भी दिए गए ।कार्यक्रम में लगभग 2000 से अधिक अभिभावक गणों की उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की 20 से 22 दुकानें भी लगाई गई जिसमें बच्चों तथा उनके माता-पिता ने खाने पीने से लेकर अन्य खरीदारी भी की। बच्चों के लिए कैमल राइडिंग तथा कुछ झूले भी लगाए गए जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया ।इस कार्निवल में बच्चों के मनोरंजन के लिए अन्य कई रोचक गतिविधियाँ रखी गई, जिनमें फेस पेंटिंग, नृत्य, झूले, ऊँट की सवारी, सेल्फी पॉइंट, नेल आर्ट, जंगल सफारी, फूड स्टॉल और मैजिक शो भी शामिल थे। जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया ।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों व अभिभावकों के लिए आए हुए कार्टून कैरेक्टर सांता क्लॉज, पेंग्विंस, मिकी माउस व अन्य कैरक्टर थे जिन्हें देख बच्चों की खुशियों का ठिकाना ही ना रहा। इस अवसर पर बच्चे सांता क्लॉज से मिलकर क्रिसमस की खुशियाँ मनाने लगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खुशी, सीख और मनोरंजन से भरा वातावरण रहा। कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों ने सभी व्यवस्थाओं एवं आयोजन की भरपूर सराहना की।

# डॉ के एन मोदी कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में प्रसिद्ध गणितज्ञ श्री श्रीनिवासन रामानुजन के जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया कक्षा 11 में 12 के छात्रों ने गणित पर आधारित विभिन्न पोस्टर मॉडल बनाकर श्री रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के लगभग 4000 के आसपास प्रमयों का संग्रह किया जिन्हें ज्यादातर सिद्ध भी किया जा चुका है यह दिवस 2012 से लगातार मनाया जा रहा है किस दिवस का उद्देश्य छात्रों में गणित के प्रति जिज्ञासा और गणित के प्रति डर को




दूर करना है ।महान गणितज्ञ रामानुजन भारत के महान गणितज्ञ में से एक थे। उनकी विलक्षण प्रतिभा इसी बात से देखी जा सकती है की बाल्यावस्था में ही उन्होंने गणित के कई मौलिक सिद्धांतों को जन्म दिया। श्री रामानुजन के पास कोई डिग्री भी नहीं थी 12वीं में गणित को छोड़कर सभी विषयों में वह फेल हो गए थे फिर 1906 में उन्होंने स्वतंत्र परीक्षार्थी के रूप में फिर परीक्षा दी लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो सकी उनके काम को देखते हुए ब्रिटेन ने उन्हें पहले बी ए फिर पी एचडी की मानद उपाधि प्रदान की ।देश एक बार फिर गणित के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर बने इसके लिए युवा अ अथक प्रयास करें यही रामानुजन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# गढी दौलत ट्रिपल मर्डर प्रकरण, हथियार सप्लायर प्रतिबंधित कारतूस व तमंचे सहित गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में एक सप्ताह पूर्व पति द्वारा पत्नी व दो बेटियों की हत्या कर दी थी। पुलिस ने तीनों शव बरामद कर हत्या आरोपी को जेल भेज दिया था। जेल जाने से पूर्व हत्या आरोपी ने तमंचे बेचने वाले आरोपी का नाम बताया था। पुलिस ने तमंचे सप्लायर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारुख पुत्र दाऊद ने विगत दस दिसंबर को अपनी पत्नी ताहिरा व दो बेटियों आफरीन व समरीन की गोली मारकर हत्या कर दी थी।और तीनों शव घर के आंगन में गड्ढा खोदकर उसमें दफना दिए थे। लगभग एक सप्ताह बाद गत 16 दिसंबर को लापता पुत्र वधू व दो पोतियां लापता होने पर हत्या आरोपी के पिता दाऊद ने शक जाहिर करते हुए सूचना ग्राम प्रधान व पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या आरोपी फारुख को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। जिसकी निशानदेही पर पुलिस ने गड्ढा खोदकर तीनों शव को निकाल कर पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया था। पुलिस पूछताछ में हत्या आरोपी फारूख ने बताया था कि उसने यह तमंचे और कारतूस कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव गंदराऊ से खरीदे थे।

# प्रदेश में अवैध घुसपैठ,स्थानीय प्रशासन को कानून व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग उठाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** सदस्य विधान परिषद दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक द्वारा महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर राज्य में पर्यटन सुविधाओं में दी गई सुविधा के साथ साथ सुरक्षा के मानकों पर भी ध्यान दिए जाने व प्रदेश में अवैध घुसपैठ होने के कारण जहां जनजीवन प्रभावित होती है, वही स्थानीय प्रशासन को कानून व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग उठाई। उन्होने कहा कि राज्य सरकार लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य पर्यटन सुविधाओं में बढ़ावा देने में जुटी है, नई आवास नीति में बहुत सारी सहूलियत भी दी गई जिसके कारण राज्यभर में बड़ी संख्या में होटल, बार, रेस्टोरेंट बन भी रहे हैं और संचालित भी हो रहे है। जहां एक ओर पर्यटन सुविधाओं सहित आधारभूत ढांचे के विकास में इनका योगदान है वही सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करते हुए यह



संचालित हो, यह भी देखे जाने की आवश्यकता है। लगातार राज्य में बढ़ते धार्मिक पर्यटन के कारण देश भर के लोगो का प्रदेश में आना जाना बढ़ा है ऐसे में गली मोहल्लों में भी यहां तक की सक्रिय गलियों में भी होटल खुल गये होटल खुल तो गये, लेकिन उन होटलों में फायर एन०ओ०सी० और आपातकालीन की स्थिति की सुरक्षा मानकों परश खड़ें है कि नहीं इसकी समय समय पर जांच होती रहनी चाहिए। राज्य में लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज, आजमगढ सहित प्रदेश अधिकांश जनपदों में बिल्डिंग बनाते समय तो फायर एन०ओ०सी० विभाग से ली गई थी किन्तु जब होटल संचालन के लिए तैयार हुआ तो इनटिरियर डिजाइनर और फोर स्ट्रेक्चर में बदलाव होते है जिससे खतरा बना रहता है। कई मॉल में तो जो रिफ्युजन एरिया है वो भी कबर कर लिए गये जिसके कारण सुरक्षा का संकट उत्पन्न होने की संभावना हो सकती है।अतः लोक महत्व इस विषय पर अवैध घुसपैठ को लेकर और कठोर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता तथा मदरसों में सघन तथ्यात्मक जांच किये जाने पर चर्चा/वक्तव्य की मांग की गई।


# पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया



एहसान अंसारी

**नई दिल्लीः** नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट थाना जहांगीरपुरी के स्टाफ द्वारा आरोपी दीपक र/ङ्ख अशोक फ/ङ्ख ऋ-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली, आयु 19 वर्ष, को दो सीसीएल के साथ सफलतापूर्वक गिरफ्तार/पकड़ा गया तथा उनके कब्जे से ?500/- नकद, 01 मोबाइल फोन एवं वारदात में प्रयुक्त 01 चाकू बरामद किया गया। आरोपी दीपक प्रथम बार अपराध करने वाला है, जिसने शीघ्र एवं आसान पैसे की लालसा में आपराधिक गतिविधियों का सहारा लिया। संक्षिप्त तथ्य एवं घटना विवरण शिकायतकर्ता प्रेम शंकर (डिलीवरी बॉय) र/ङ्ख सोखू राम फ/ङ्ख गोपालपुर, दिल्ली ने बताया कि दिनांक 21.12.2025 को लगभग 01:30 बजे, जब वह अपनी युलु इलेक्ट्रिक बाइक से फूड डिलीवरी करने जा रहा था और सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ऊ-ब्लॉक, जहांगीरपुरी, दिल्ली के पास पता पूछने के लिए रुका, तभी चार लड़कों ने उसे गलत तरीके से रोक लिया। उन्होंने उसे पकड़ लिया, चाकू दिखाकर धमकाया, उसके साथ मारपीट की तथा जबरन उसका मोबाइल फोन, ?1,500/- नकद तथा जोमैटो का फूड ऑर्डर लूट लिया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए।

# ठंड में लगी महंगाई की आग, कोयला और लकड़ी के दाम ने छुड़ाए ठंड में आम लोगों के पसीने



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** शीतलहर और कड़ाके की ठंड से राहत देने वाले कोयला और लकड़ी अब आम लोगों की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। जिले में कोयले और लकड़ी की कीमतों में बीते एक महीने के दौरान तेज उछाल आया है, जिससे इस बार अलाव जलाना भी महंगा पड़ रहा है। हालात यह हैं कि बढ़ती महंगाई के कारण लोग ठीक से आग जलाकर भी ठंड नहीं मिटा पा रहे हैं। पिछले एक महीने में कोयले और लकड़ी के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। लोगों का कहना है कि दिसंबर की शुरूआत से ही पहली बार इतनी तेज बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। हड्डियां कंपा देने वाली ठंड में महंगे कोयले और लकड़ी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दस दिन पहले 40 रुपये किलो बिकने वाला कोयला अब 60 से 65 रुपये किलो में बिक रहा है। लकड़ी के दाम भी 7 रुपये किलो से बढ़कर 12 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। अलाव जलाकर ठंड से बचने वाले गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए यह बढ़ोतरी किसी दोहरी मार से कम नहीं है। महंगे रूम हीटर खरीदने में असमर्थ लोग अब महंगे कोयले और लकड़ी के दाम सुनते ही पीछे हटने को मजबूर हैं, जिससे वे ठंड में ठिठुरने को मजबूर हो गए हैं। ठंड बढ़ते ही कोयले और लकड़ी की मांग बढ़ गई है। इसका फायदा उठाते हुए कुछ दुकानदारों ने दाम बढ़ाने के साथ-साथ स्टॉक करना भी शुरू कर दिया है। इससे बाजार में कृत्रिम कमी जैसे हालात बनते जा रहे हैं। लकड़ी के थोक व्यापारी रामनाथ अग्रवाल का कहना है कि ठंड बढ़ने के साथ लकड़ी की खपत में तेजी आई है। ₹लकड़ी के दामों में 50 से 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। जैसे-जैसे ठंड बढ़ेगी, मांग और दाम दोनों बढ़ेंगे।

₹ कोयला व्यापारी फैज का कहना है कि आने वाले तीन-चार दिनों में ठंड और तेज हो सकती है ।₹ ठंड बढ़ने पर कोयले की मांग और बढ़ेगी। पिछले साल के मुकाबले इस बार कोयले के दाम पहले से ही ज्यादा हैं ।₹ कड़ाके की ठंड में जहां लोगों को राहत की जरूरत है, वहीं कोयले और लकड़ी की महंगाई ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। यदि हालात ऐसे ही रहे, तो आने वाले दिनों में आम लोगों के लिए ठंड से बचाव और भी मुश्किल हो जाएगा।

# तकनीकी प्रदर्शनी में ठाकुरद्वारा गर्ल्स की छात्राओं का परचम, नवाचारी परियोजना को मिला उत्कृष्ट परियोजना सम्मान

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी और गणित शिक्षा पर आधारित तकनीकी प्रदर्शनी 5.0 प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ठाकुरद्वारा गर्ल्स इंटर कॉलेज की कक्षा दसवीं की छात्राओं कशिश और पलक ने अपने नवाचारी और उपयोगी प्रोजेक्ट के माध्यम से उत्कृष्ट परियोजना पुरस्कार एवं पदक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह आयोजन युवा वैज्ञानिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों में अनुसंधान तथा नवाचार की भावना को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा।

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज को महिलाओं के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सीआईआई सम्मान

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 स्थित इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए यह अत्यंत गर्व, सम्मान और गौरव का अवसर है कि संस्थान को वर्ष 2025 के लिए कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) द्वारा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित (स्टेम) के क्षेत्र में महिलाओं की उत्कृष्ट सहभागिता को प्रोत्साहित करने हेतु उत्कृष्टता सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस उपलब्धि के साथ ही इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज ने संस्थागत श्रेणी में देश के शीर्ष दस शिक्षण संस्थानों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

नई दिल्ली स्थित ली मेरिडियन होटल में आयोजित प्रौद्योगिकी,




अनुसंधान एवं विकास तथा बौद्धिक संपदा पर वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। इस राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उन शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी, नेतृत्व और सशक्तिकरण को निरंतर बढ़ावा दिया है। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज की ओर से यह सम्मान स्टेम पुरस्कारों की एकल संपर्क अधिकारी तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं छात्र कल्याण की अधिष्ठाता प्रोफेसर (डॉ.) मीनाक्षी शर्मा ने ग्रहण किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह सम्मान संस्थान की उस प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिसके अंतर्गत छात्राओं को वैज्ञानिक सोच, तकनीकी दक्षता और नवाचार के लिए निरंतर प्रेरित किया जाता है ।इस सम्मान पर संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चैयरमेन पुनीत अग्रवाल, निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार सोलंकी, प्रशिक्षण एवं नियुक्ति निदेशक आकांक्षा अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संस्थान की प्रगतिशील सोच और महिला सशक्तिकरण के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया ।उन्होंने कहा कि यह सम्मान भविष्य में और अधिक छात्राओं को विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा तथा संस्थान शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में भावी दंत चिकित्सकों को मिली नई पहचान

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को परंपरागत गरिमा और उत्साह के साथ बीडीएस पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए व्हाइट कोट एवं शैक्षणिक पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह दंत चिकित्सा शिक्षा में विद्यार्थियों के एक महत्वपूर्ण चरण की शुरूआत का प्रतीक रहा, जिसमें उन्हें औपचारिक रूप से क्लीनिकल प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर बीडीएस तृतीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों को व्हाइट कोट पहनाकर क्लीनिक में प्रवेश से पूर्व चिकित्सा नैतिकता, मानव सेवा और रोगियों के हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए न केवल गर्व का था, बल्कि उनके भविष्य के पेशेवर जीवन की दिशा तय करने वाला भी रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आर. सी. गुप्ता, प्रधानाचार्य, एल.एल.आर.एम. मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

# जोश और उत्साह के साथ एकल रन 4.0 का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया

**दिल्ली।** 21 दिसंबर को दिल्ली के बिरसा मुंडा ग्राउंड (गांधी दर्शन), राजघाट में एकल रन 4.0 संपन्न हुई। गानों पर थिरकते युवा, युवितयां, महिलओं और बुजुर्गों का उत्साह। बच्चों के साथ आए परिवार का जोश। सुबह-सुबह देखते ही बनता था। सबसे पहले 10 किलोमीटर के प्रतिभागियों को एकल रन सुबह 9 बजे से मुख्य अतिथि श्री विजेंद्र गुप्ता और डॉ. सुनीता गोदारा ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद 05 किलोमीटर के प्रतिभागियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी तरह 5 किलोमीटर और एक किलोमीटर फन रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एकल रन 4.0 में हर किसी के लिए चुनौती थी, चाहे उनकी फिटनेस का स्तर कुछ भी हो। करीब-करीब 2500 प्रतिभागियों दौड़ के लिए पंजीकरण कराया था। 10




किमी, 05 किमी के टॉप फाइव विजेताओं को ईनाम और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 30 उम्र से अधिक के टॉप फाइव महिला और पुरुष विजेताओं को भी चेक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल से आए बच्चों ने भी जोश के साथ फन रन में भाग लिया। एकल रन का आयोजन भारत लोक शिक्षा परिषद के एकल युवा विंग द्वारा किया गया था। इसका उद्देश्य है भारत के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के वंचितों की मदद करना। कार्यक्रम का संचालन रेस डायरेक्टर डॉ. सुनीता गोदारा ने किया। वह 1992 की एशियाई मैराथन चैंपियन




स्वर्ण पदक विजेता हैं। 1996 में एशियाई मैराथन जो बैंकॉक में हुई उसमें उन्होंने कांस्य पदक जीता था। सुनीता गोदारा ने चारों महाद्वीपों के 26 देशों में 76 पूर्ण मैराथन और 123 हाफ मैराथन जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। उनके निर्देशन में कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनका जोश देखने लायक था। साथ ही वह धावकों को लोधी गार्डन में मुफ्त में ट्रेनिंग भी देती हैं।

# रेडिएंट पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह भव्य रूप से संपन्न

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** रेडिएंट पब्लिक स्कूल द्वारा दिनांक 20 दिसंबर को प्रीतम फार्म में वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, नाटक एवं गीत शामिल थे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. विनीता त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविंद्र त्यागी ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा की और इसके लिए प्रधानाध्यापिका डॉ विनीता त्यागी और उनके संपूर्ण स्टाफ को साधुवाद दिया । विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता , प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय , प्रदीप चौधरी , आशाराम त्यागी , पार्षद अमित डबास, गाजियाबाद नाम परिवर्तन अभियान संयोजक संदीप त्यागी रसम, भाजपा नेता नीरज त्यागी , आशु पंडित , एड विनीत त्यागी, एड के जी शर्मा , मुकेश त्यागी, रजनीश त्यागी , राजीव त्यागी, शिव कुमार त्यागी , डॉ हिमानी त्यागी , शेखर त्यागी , दीपक त्यागी , रवींद्र त्यागी , राहुल त्यागी , मनोज गर्ग आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया और भूरि भूरि प्रशंसा की । कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में अभिभावकों, शिक्षकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

# हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को किसानों का मजबूत समर्थन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) की महत्वाकांक्षी और बहुप्रतीक्षित आवासीय योजना 'हरनन्दीपुरम' को लेकर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना हुआ है।योजना के लिए भूमि जुटाव का कार्य लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें स्थानीय भू-स्वामियों तथा ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।किसान अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त माफियाओं के झांसे में आने के बजाय प्राधिकरण के साथ विश्वासपूर्वक खड़े हैं और स्वेच्छा से अपनी भूमि के बैनामे कर रहे हैं।भूमि क्रय की प्रक्रिया के दौरान कुछ स्थानों पर विक्रय की जा रही भूमि पर अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्राप्त हुई थीं।इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण की टीम ने क्षेत्र में सघन अभियान चलाया और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी।इसी क्रम में बीस दिसंबर दो हजार पच्चीस को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध मिट्टी खनन के उद्देश्य से भीड़ एकत्र कर हंगामा करने का प्रयास किया गया, जिसे प्रशासन की तत्परता से तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। प्राधिकरण ने स्पष्ट संदेश दिया है कि इस तरह के अवैध और असामाजिक कृत्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इन घटनाओं के बावजूद ग्रामवासियों और किसानों का रुख अत्यंत जागरूक और सकारात्मक बना हुआ है। क्षेत्र के किसान अवैध गतिविधियों से स्वयं को अलग रखते हुए हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को क्षेत्रीय विकास और भविष्य की समृद्धि का सशक्त माध्यम मान रहे हैं। इसी विश्वास का परिणाम है कि बाइस दिसंबर दो हजार पच्चीस को लगभग ग्यारह भू-स्वामियों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बैनामे निष्पादित किए। इसके साथ ही ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर स्थित प्राधिकरण के कैम्प कार्यालय अथवा भू-स्वामियों के आवास पर लेखपाल द्वारा लगभग तीन हेक्टेयर भूमि पर सहमति भी प्राप्त की गई।

# आरकेजीआईटी गाजियाबाद में विज्ञान प्रदर्शनी टेक एक्सपो 5.0 का भव्य आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में टेक एक्सपो 5.0 झ्र विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन एसटीईएएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) आधारित नवाचार, अनुसंधान और तकनीकी सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस टेक एक्सपो में 50 से अधिक स्कूलों के 400 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से सहभागिता की। विद्यार्थियों द्वारा कुल 150 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिनमें उनकी रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तकनीकी कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी, मेडिकल एप्लिकेशन्स, ऊर्जा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट तथा स्टार्ट-अप आधारित प्रोजेक्ट्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।प्रतियोगिता को जूनियर एवं सीनियर दो श्रेणियों में आयोजित किया गया।सीनियर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज, विजय नगर, गाजियाबाद को 5,000, द्वितीय पुरस्कार विद्यापन ग्लोबल स्कूल, गाजियाबाद को 10,000 तथा तृतीय पुरस्कार महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम, गाजियाबाद को 5,100 की धनराशि प्रदान की गई। जूनियर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार डीएवी इंटर कॉलेज, बागपत को 7,100, द्वितीय पुरस्कार सूरवेन इंटरनेशनल स्कूल, मोदीनगर को 5,100 एवं तृतीय पुरस्कार छाया पब्लिक स्कूल, मोदीनगर को 2,100 प्रदान किए गए।

# वर्टिकल सिस्टम से बढ़ी उपभोक्ताओं की परेशानी, विद्युत निगम के दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर

**गाजियाबाद।** विद्युत निगम द्वारा वर्टिकल सिस्टम लागू किए जाने के बाद उपभोक्ताओं की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।खासकर बिजली बिलों को लेकर शहर के विभिन्न इलाकों से शिकायतों की बाढ़ सी आ गई है।उपभोक्ताओं का कहना है कि नई व्यवस्था के बाद न केवल बिजली के बिल असामान्य रूप से बढ़ गए हैं, बल्कि समय पर बिल न बनने और शिकायतों के समाधान में भी भारी देरी हो रही है।शहर के कई क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को अचानक हजारों रुपये के बिल भेजे जा रहे हैं, जिससे आम लोगों की चिंता बढ़ गई है।महिंद्रा एनक्लेव निवासी प्रमोद शर्मा ने बताया कि वर्टिकल सिस्टम लागू होने से पहले उनका मासिक बिजली बिल औसतन एक हजार रुपये के आसपास आता था, लेकिन नई व्यवस्था के बाद अचानक आठ से दस हजार रुपये तक का बिल भेज दिया गया।बढ़े हुए बिलों को देखकर उपभोक्ता हैरान हैं और अपनी समस्या लेकर विद्युत निगम के कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं।उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले स्थानीय स्तर पर ही बिजली बिल से जुड़ी शिकायतों का समाधान हो जाता था, लेकिन वर्टिकल सिस्टम लागू होने के बाद व्यवस्था और अधिक जटिल हो गई है।अब अलग-अलग क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने और समाधान के लिए कविनगर स्थित स्कोडा सेंटर में बनाए गए नए कार्यालय में पहुंचना पड़ रहा है।

# एनएच-नौ की सर्विस लेन पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत

**गाजियाबाद।** कविनगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों को हमेशा के लिए उजाड़ दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या नौ की सर्विस लेन पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।यह भयावह हादसा महागुनपुरम सोसाइटी के पास रविवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार वेव सिटी थाना क्षेत्र के जासना गांव निवासी राशुद्दीन रविवार रात बाइक से डासना की ओर जा रहा था।उसके साथ खोड़ा क्षेत्र में रहने वाली बेबी नाम की महिला भी सवार थी।जैसे ही उनकी बाइक महागुनपुरम सोसाइटी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग नौ की सर्विस लेन पर पहुंची, सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी बाइक से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई।दूसरी बाइक पर अमन, विपिन और प्रेम सवार थे।बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक गलत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण यह भीषण हादसा हुआ।टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाइकों के सवार उछलकर सड़क पर गिर पड़े और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद कुछ देर तक सभी घायल सड़क पर पड़े तड़पते रहे, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई।स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल मणिपाल अस्पताल ले जाया गया।

# पारिवारिक मिलन जाट समाज (रजि.), का 12वाँ जाट समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन का हुआ सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** रविवार, 21 दिसंबर 2025 को गोल्डन कैसल पार्टी लॉन, साहिबाबाद में सम्पन्न हुआ।सम्मेलन में समाज के सैकड़ों गणमान्यजन, परिवारजन तथा युवकझ्युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित इस सम्मेलन में युवकझ्युवतियों का आपसी परिचय, पारिवारिक संवाद तथा सामाजिक समरसता से जुड़े विविध कार्यक्रम सम्पन्न हुए।सम्मेलन का उद्देश्य समाज में संस्कारित, दहेज-रहित एवं सुदृढ़ वैवाहिक संबंधों को प्रोत्साहित करना रहा।मुख्य अतिथियों के विचार

मुख्य अतिथि कप्तान सिंह (अध्यक्ष, सूरजमल मेमोरियल शिक्षण संस्थान) ने कहा कि–

ऐसे परिचय सम्मेलन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। यह मंच युवा पीढ़ी को संस्कार, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने की दिशा देता है। राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया एवं भारत सरकार के मंत्री जयंत चौधरी के निजी सचिव वीरपाल मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि– दहेज-रहित एवं पारदर्शी वैवाहिक संबंध समाज की मजबूती का आधार हैं। पारिवारिक मिलन जाट समाज द्वारा आयोजित यह परिचय सम्मेलन सामाजिक सुधार, युवाओं के सशक्तिकरण एवं स्वस्थ परंपराओं को आगे बढ़ाने की एक सराहनीय पहल है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि– जाट समाज सदैव एकता, सहयोग और सामाजिक मूल्यों के लिए जाना गया है। ऐसे आयोजन समाज को और अधिक संगठित व सशक्त बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि एच.पी. परिहार (अध्यक्ष, संयुक्त जाट समाज आरक्षण संघर्ष समिति) ने इसे समाज की प्रगति की दिशा में एक सार्थक एवं दूरदर्शी पहल बताया। रंजीता धामा (चेयरमैन, लोनी नगर पालिका) ने कहा कि– युवक युवती परिचय सम्मेलन सामाजिक कुरीतियों को समाप्त कर सकारात्मक, पारदर्शी और सम्मानजनक रिश्तों की मजबूत नींव रखते हैं।डॉ. सत्यवीर सिंह जी (दिव्या नर्सिंग होम) ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संस्कार को सफलता की कुंजी बताया। विशेष वक्तव्य अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि– यह सम्मेलन समाज में पारिवारिक सहभागिता के साथ वैवाहिक परंपराओं को नई, स्वस्थ दिशा दे रहा है। तेजपाल सिंह ने कहा कि– पारिवारिक मिलन जाट समाज द्वारा निरंतर ऐसे आयोजन समाज की एकता का सजीव उदाहरण हैं। लेखराज सिंह ने सम्मेलन को अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि– युवाओं को मंच पर स्वयं परिचय देने का अवसर मिलना समाज में पारदर्शिता और विश्वास को बढ़ाता है।

# श्रीपाल सिंह बैनामा लेखक संघ के अध्यक्ष चुने गए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बैनामा लेखक संघ तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद का वार्षिक चुनाव में श्रीपाल सिंह अध्यक्ष चुने गए।बैनामा लेखक संघ तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद का 2025 26 मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज सिंह हरित प्रमोद कौशिक के नेतृत्व में संपन्न हुआ।जिसमें श्रीपाल सिंह अध्यक्ष पद पर अपने प्रतिद्वंदी नवीन गोयल से 8 मतों से विजय प्राप्त की तथा प्रदीप कुमार शर्मा निर्विरोध सचिव पद पर चुने गए। अंकुर शर्मा उपाध्यक्ष पद पर अपने प्रतिद्वंदी इमरान खान से 10 मतों से विजय प्राप्त की व कपिल सांगवान कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष कपिल चौधरी की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सभी बैनामा लेखक बृजेश शर्मा, नरेश अमराला, व रणवीर सिंह, सोमवीर सिंह नेहरा , विपिन सिरोही, वीरेंद्र त्यागी, राकेश उपाध्याय, राजेंद्र सिंह अमराला, परमात्मा सिंह वर्मा , मनोज शर्मा, वेद प्रकाश सागर, विकास चौधरी, महेश गौड, मुकेश शर्मा, कांति त्यागी, अर्जुन त्यागी, अशोक त्यागी , वीरेंद, तेजवीर सिंह, गुड्डू आदि बैनामा लेखक उपस्थित रहे।

# सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** मुरादनगर कस्बा रोड स्थित उधोग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री नीरज गुप्ता के कार्यालय पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदेश गर्ग, सचिव वरूण त्यागी का मुरादनगर उधोग व्यापार से जूडे व्यापारियो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन गाजियाबाद अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी ने कहा कि मुरादनगर उनकी जन्मभूमि है यही के सहयोग से वे बार अध्यक्ष बने हे व्यापारियो की किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे सदैव उपलब्ध है उन्होंन बताया कि सुलभ ओर समय से न्याय के लिए पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना बहुत जरूरी है ये तभी सम्भव है जब ये जन आंदोलन हो। अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी नेता विष्णु गर्ग ने की संचालन वरिष्ठ व्यापारी नेता ज्ञानेन्द्र सिघल एव पंकज गर्ग जिला महामंत्री ने किया ओर पटका माला पहनाकर पगडी बांधकर ओर प्रतीक देकर अतिथियो को सम्मानित किया प्रदेश मंत्री नीरज गुप्ता, मोहित गर्ग अध्यक्ष मुरादनगर, अजय वर्मा अध्यक्ष युवा, लोकेश वर्मा अध्यक्ष सरार्फा, बालकिशन बंसल अध्यक्ष मैडिकल, मनोज मित्तल अध्यक्ष वस्त्र व्यापार, अरविंद भारतीय, प्रशांत गुप्ता, अरविंद सिघल, संदीप कंसल, कुलदीप गर्ग, विजय गौड, उत्तम त्यागी, दीपक मित्तल, नवीन सिघल, संजीव अडवानी, नीरज त्यागी, अशोक गर्ग, आलोक मित्तल, मुकेश भटनागर, विनोद जिंदल, रामकिशन बन्धु, संजीव त्यागी, हरिओम गुप्ता, प्रमोद गोयल, विनोद धनगर, अमरीस गोयल, मोहित त्यागी, अमित भदौली, सुनील मुन्डे, राहुल गोयल, श्रीभगवान गर्ग अध्यक्ष लोहा व्यापार, बिल्लू यादव, नितिन गोयल, हरिमोहन, सचिन अग्रवाल, मोहित मुन्डे, सभासद नितिन कुमार, योगेन्द्र जाटव, राजेश सिघल, रोहित गर्ग, निशांत गोयल, सहित सैकड़ो व्यापारियो ने अतिथियो का स्वागत किया।

# फर्जी फर्म के जरिए 1.91 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में केस दर्ज

**गाजियाबाद।** कौशांबी थाना क्षेत्र में फर्जी फर्म के जरिए 1.91 करोड़ रुपये की जीएसटी हड़पने का मामला सामने आया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।कौशांबी थाने में दर्ज करवाई गई रिपोर्ट में सहायक आयुक्त राज्य कर खंड 19 रोहित पांडे ने कहा कि केशव इंडस्ट्री की ओर से कपड़ों की खरीद-फरोख्त को लेकर बिल दाखिल किया गया था।इसमें साझेदार फर्म मनोज कुमार तिवारी बताया गया था। जांच में पता चला कि मनोज कुमार तिवारी की फर्म का पंजीकरण रद्द हो चुका है।इसके अलावा कैलाश इंडस्ट्रीज से भी खरीद फरोख्त दिखाई गई है।जांच में पता चला कि कैलाश इंडस्ट्रीज का पंजीकरण भी रद्द हो चुका है।

# हरनन्दीपुरम आवासीय योजना के लिए 11भू-स्वामियों की 3 हेक्टेयर जमीन जीडीए के पक्ष में निष्पादित

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जी0डी0ए0) की नई एवं महत्वाकांक्षी आवासीय योजना हरनन्दीपुरम के लिए भूमि जुटाव का कार्य निरंतर तेजी से प्रगति पर है।इस योजना को क्षेत्रीय भू-स्वामियों एवं ग्रामवासियों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।किसान अवैध मिट्टी खनन में संलिप्त तत्वों के झांसे में न आकर प्राधिकरण के साथ सहयोग करते हुए स्वेच्छा से अपनी भूमि के बैनामे कर रहे हैं।

भूमि क्रय प्रक्रिया के दौरान कुछ स्थानों पर विक्रय की जा रही भूमि पर अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें प्राधिकरण को प्राप्त हुई थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जी0डी0ए0 की टीम द्वारा क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। इसी क्रम में दिनांक 20.12.2025 (शनिवार) को अवैध मिट्टी खनन में लिप्त कुछ व्यक्तियों द्वारा भीड़ एकत्र कर हंगामा करने का प्रयास किया गया, जिसे प्रशासनिक तत्परता से नियंत्रित किया गया।प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ऐसे असामाजिक एवं अवैध कृत्यों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। इसके बावजूद क्षेत्र के ग्रामवासियों का रुख अत्यंत सकारात्मक एवं जागरूक है।किसान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों से स्वयं को अलग रखते हुए हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को क्षेत्रीय विकास का सशक्त माध्यम मान रहे हैं।इसी विश्वास के परिणामस्वरूप दिनांक 22.12.2025 को लगभग 11 भू-स्वामियों द्वारा जी0डी0ए0 के पक्ष में बैनामे निष्पादित किए गए।साथ ही ग्राम नंगला फिरोज मोहनपुर स्थित प्राधिकरण के कैम्प कार्यालय/भू-स्वामियों के आवास पर लेखपाल द्वारा लगभग 03 हेक्टेयर भूमि पर सहमति प्राप्त की गई।हरनन्दीपुरम आवासीय योजना को आधुनिक एवं सुनियोजित टाउनशिप के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें चौड़ी सड़कें, हरित पट्टियाँ, पार्क, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य सुविधाएँ, व्यावसायिक क्षेत्र तथा सुदृढ़ आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराया जाएगा। यह परियोजना न केवल गाजियाबाद क्षेत्र के नियोजित विस्तार को गति देगी, बल्कि स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार एवं विकास के नए अवसर भी सृजित करेगी।

